

MPHIN/2021/83938

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 324 | ग्वालियर , 18 सितम्बर सोमवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## निर्माणाधीन बिल्डिंग की गिरी लिफ्ट, 4 की मौत

### पांच की हालत गंभीर, जांच के आदेश

ग्रेटर नोएडा, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में आम्रपाली हाउसिंग सोसायटी की एक निर्माणाधीन इमारत की 14वीं मंजिल से लिफ्ट दुर्घटनाग्रस्त होने से कम से कम चार लोगों के मरने की आशंका है। घटनास्थल पर बचाव कार्य जारी है। लिफ्ट गिरने की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पांच लोगों की हालत गंभीर है। गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने कहा कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि ''चार लोगों की मौत हो गई है। पांच लोगों की हालत गंभीर है और शहर के एक अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। हमारी टीम शहर के अस्पताल में मौजूद है... हमारे अधिकारी भी मौके पर मौजूद हैं और कोई भी वहां नहीं फंसा है। उचित इलाज किया जा रहा है।'' अतिरिक्त डीसीपी (सेंट्रल नोएडा) राजीव दीक्षित ने बताया कि यह घटना सुबह करीब साढ़े आठ बजे आम्रपाली ड्रीम वैली सोसायटी की निर्माणाधीन साइट पर हुई।



दीक्षित ने कहा, ''सर्विस लिफ्ट 14वीं मंजिल की ऊंचाई से गिर गई।'' यह घटनाक्रम महाराष्ट्र के ठाणे में एक इमारत में सर्विस लिफ्ट के दुर्घटनाग्रस्त होने से सात श्रमिकों की मौत के कुछ दिनों बाद आया है। स्काईराइज की छत पर वॉटरप्रूफिंग का कुछ काम पूरा करने के बाद कर्मचारी सर्विस लिफ्ट से नीचे आ रहे थे। बीच रास्ते में अचानक तकनीकी खराबी आ गई और लिफ्ट की रस्सी टूट गई। लिफ्ट तेज गति से नीचे गिरी और दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे सात मजदूरों की मौत हो गई और एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। हाल के महीनों में नोएडा और ग्रेटर नोएडा की ऊंची सोसायटियों से लिफ्ट की खराबी और दुर्घटनाओं की कई घटनाएं सामने आई हैं। अगस्त में, नोएडा के एक आवासीय परिसर में लिफ्ट के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद 73 वर्षीय एक महिला की संभावित हृदय गति रुकने से मृत्यु हो गई। लिफ्ट ज़मीन से नहीं टकराई और इमारत की बीच की कुछ मंजिलों के बीच फंस गई।

## भारत की विकास यात्रा का अभिन्न हिस्सा बन चुका है यूपी : योगी

लखनऊ,एजेंसी। स्टील की मांग एवं उपयोगिता के मद्देनजर उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में इंडियन स्टील एसोसिएशन(आईएसए) ने आज एक दिवसीय आइएसए स्टील इन्फ्रा बिल्ड समिट 2023 का आयोजन किया, जिसका उद्घाटन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्टील उद्योग से जुड़े शीर्ष उद्यमी, प्रदेश के औद्योगिक विकास से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कई गणमान्य लोग शामिल हुए। लखनऊ के ताजमहल में आयोजित हुआ यह सम्मेलन उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड राज्य के बुनियादी ढ़ाचे एवं निर्माण कार्यों में स्टील का प्रयोग बढ़ाने के विषय पर केन्द्रित रहा। सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि "आइएसए ने अपने सम्मेलन के लिये देश के सबसे अधिक संभावना वाले प्रदेश को चुना और इसे रेखांकित करने का प्रयास किया है। 25 करोड़ की आबादी वाला राज्य उत्तर प्रदेश न केवल

- इंडियन स्टील एसोसिएशन ने लखनऊ में किया आईएसए स्टील इंन्फ्रा बिल्ड समिट का आयोजन
- मुख्यमंत्री योगी ने किया उत्तर प्रदेश को ग्रोथ इंजन बनाने का आह्वान

उपभोक्ता बाजार है, बल्कि सबसे बड़ा श्रम बाजार भी है।" मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि "राज्य में तेजी से हो रहे विकास कार्यों ने निवेशकों का ध्यान आकर्षित किया है। इंफ्रास्ट्क्चर एवं कनेक्टिविटी के क्षेत्र में हो रही व्यापक प्रगति यह प्रदर्शित करती है कि राज्य में निवेश एवं सुरक्षा का बेहतरीन वातावरण है।" उन्होंने कहा कि "नये भारत के विकास में नया उत्तर प्रदेश महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।"उन्होंने सभी हितध ाारकों, उद्यमियों को सरकार के साथ मिलकर प्रधानमंत्री मोदी के ट्रिलियन अर्थव्यवस्था को आगे



बढ़ाने के विजन के अनुसार उत्तर प्रदेश को ग्रोथ इंजन बनाने में अपनी भूमिका पर विचार करने की बात कही। इस अवसर पर टाटा स्टील लांग प्रोडक्ट्स के आशीष अनुपम ने कहा कि "स्टील उद्योग को संसाधन एवं सुरक्षा के मामले में समर्थन देने के लिये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देना चाहते हैं। पिछले सालों में बदल रहे उत्तर प्रदेश के विकास में अहम भूमिका निभाते हुए हम मिलकर यूपी को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाएंगे।"

वहीं, मुख्यमंत्री योगी के संबोधन के बारे में सेल के चेयरमेन अमलेंदु प्रकाश ने कहा कि मुख्यमंत्री ने जिस तरह उत्तर प्रदेश को संभावनाओं की धरती कहा है वह बिल्कुल सही है, क्योंकि यहां की बड़ी आबादी विकास की दिशा में अग्रसर है। राज्य में तेजी से बदल रहे बुनियादी ढ़ांचे एवं निर्माण कार्यों में स्टील की बड़ी मांग हो सकती है। ऐसे में सरकार की नीतियां और उद्यमी सोच, राष्ट्र निर्माण में स्टील उद्योग को महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में मदद करेगी।"

देखा जाए तो तेजी से बढ़ते आर्थिक विकास के बावजूद बड़ी आबादी वाले यूपी में प्रति व्यक्ति स्टील की खपत महाराष्ट्र जैसे दूसरे राज्य की तुलना में कम है। यह अंतर स्टील के बुनियादी ढांचे में तेजी से प्रगति लाने में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड जैसे राज्य एवं स्टील उद्योगों के लिये बड़े अवसर लेकर आता है। आइएसए द्वारा आयोजित इस एक दिवसीय सम्मेलन में शामिल जिंदल स्टील एंड पावर के एमडी बिमलेन्द्र झा ने कहा कि "योगी जी ने पिछले छह वर्षों में न केवल गरीबों को 55 लाख आवास दिये हैं बल्कि राज्य भर में बुनियादी ढ़ांचे को मजबूत करने के साथ बुंदेलखंड में निर्माण कार्य से जुड़े भविष्य में विकास के अवसरों को भी पेश किया है। इससे स्टील प्रसंस्करण उद्योग एवं सामग्री के इस्तेमाल को बढ़ावा मिलेगा जो वास्तव में स्टील उद्योग के लिये एक अच्छा संकेत है।" गौरतलब है कि सम्मेलन का उद्येश्य संबंधि ात क्षेत्रों में स्टील के फायदे के बारे में बात करते हुए इसके प्रयोग को बढ़ावा देना रहा।

## मोदी ने इंजीनियर्स डे पर सर एम विश्वेश्वरैया को दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अभियंता दिवस के अवसर पर सर एम विश्वेश्वरैया को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए और सभी कर्मनिष्ठ अभियंताओं को शुभकामनाएं भी दी। प्रधानमंत्री ने एक एक्स (पूर्व ट्वीटर) पोस्ट में कहा कि सर एम विश्वेश्वरैया से पीढ़ियों को नवप्रवर्तन और राष्ट्र की सेवा के लिए प्रेरणा मिलती रहेगी। प्रधानमंत्री ने चिक्काबल्लापुरा की झलकियां भी साझा कीं, जहां उन्होंने इस वर्ष की शुरुआत में अपनी यात्रा के दौरान सर एम विश्वेश्वरैया को श्रद्धांजलि दी थी। श्री मोदी ने कहा, "अभियंता दिवस पर हम एक दूरदर्शी अभियंता और राजनेता सर एम विश्वेश्वरैया को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उनसे पीढ़ियों को नवप्रवर्तन और राष्ट्र सेवा करने की निरंतर प्रेरणा मिलती हैं। यह चिक्काबल्लापुरा की झलकियां हैं, जहां मैंने इस वर्ष की शुरुआत में अपनी यात्रा के दौरान उन्हें श्रद्धांजलि दी थी।' उन्होंने यह भी लिखा, "अभियंता दिवस पर सभी परिश्रमी अभियंताओं को बधाई! उनकी नवोन्वेषी सोच और अथक समर्पण हमारे देश की प्रगति का आधार रही है। बुनियादी ढाँचे की विशिष्टताओं से लेकर तकनीकी सफलताओं तक, उनका योगदान हमारे जीवन के हर पहलू से जुड़ा है।



### जेपी नड्डा का कांग्रेस पर वार, बोले-

## इनकी मोहब्बत की दुकान में बिकता है नफरत का सामान

नई दिल्ली, एजेंसी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आज छत्तीसगढ़ जशपुर से श्परिवर्तन यात्राश का शुभारंभ किया। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा अपनी पूरी ताकत झोंक रही है। राज्य में भाजपा का मुख्य मुकाबला कांग्रेस से है। श्परिवर्तन यात्राश के शुभारंभ के दौरान जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने यहां पिछले 5 साल में सिर्फ छलावा किया है, आप लोगों को केवल गुमराह किया है। अपने मेनिफेस्टो की एक भी बात उन्होंने पूरी नहीं की। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में न तो माताओं को 500 रुपये प्रतिमाह मिले। न ही गरीब माताओं को मुफ्त गैस सिलेंडर मिले। न ही भूमिहीन जनजातीय भाईयों को जमीन मिली। नड्डा ने जोर देते हुए कहा कि मैं आप सबको बताना चाहता हूं कि भूपेश बघेल के हाथी के दांत खाने के और दिखाने के और हैं। खाने के लिए इन्होंने भ्रष्टाचार किया और दिखाने के लिए कहा कि माताओं को प्रतिमाह 500 रुपये दूंगा और बेरोजगार नौजवानों को बेरोजगारी भत्ता दूंगा। लेकिन पिछले 5 साल में किसी को भी कुछ नहीं मिला। इस तरह भूपेश बघेल ने यहां सरकार चलाई है। उन्होंने कहा कि ये परिवर्तन यात्रा इसलिए है कि पहले भी हमने आपकी सेवा की है, आगे भी हम आपकी सेवा करेंगे। हम वादा करते हैं कि मोदी जी ने गरीब कल्याण की जो योजनाएं चलाई हैं, उनको भी फिर से छत्तीसगढ़ में लागू करेंगे और गरीबों का कल्याण करेंगे। भाजपा अध्यक्ष ने दावा किया कि किसानों और महिलाओं का सशक्तिकरण हम करेंगे। उन्होंने कहा कि युवाओं को आगे बढ़ाने का काम करेंगे और इस परिवर्तन यात्रा के माध्यम से भूपेश बघेल और उनकी सरकार का भ्रष्टाचार छत्तीसगढ़ की जनता के सामने लाएंगे। और छत्तीसगढ़ से इस भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने का काम यहां की जनता के सहयोग से करेंगे। नड्डा ने कहा कि 2014 में आपके पास जो मोबाइल होता था उस पर लिखा होता था डंकम प्द बेपदं, 92: मोबाइल चीन में बनते थे। आज 97: मोबाइल भारत में बन रहे हैं। ये बढ़ता हुआ भारत है। उन्होंने कहा कि अगर मैं विकास कार्यों की बात करूं तो आज छत्तीसगढ़ में 5 नेशनल हाइवे बन रहे हैं। रायपुर से धनबाद तक इकोनॉमिक कॉरिडोर बन रहा है। रायपुर में AIIMS दिया गया।यहां अम्बिकापुर में मेडिकल कॉलेज खोला गया है। हर दृष्टि से यहां विकास के काम हुए हैं। विपक्ष पर वार करते हुए नड्डा ने कहा कि आजकल सनातन धर्म पर बहुत चर्चा हो रही है। इस I-N-D-I Alliance ने मुंबई में 1 सितंबर को बैठक की और 3 सितंबर को इनके एक मुख्य सहयोगी तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और क्डज्ञ नेता स्टालिन के पुत्र उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म की तुलना गंभीर बीमारियों से की और सनातन का निरादर किया। उसके बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के पुत्र प्रियांक खड़गे (जो कर्नाटक सरकार में मंत्री हैं) ने सनातन धर्म पर दोबारा अनुचित टिप्पणी की। लेकिन आज तक इस पर सोनिया गांधी और राहुल गांधी चुप हैं।



## विश्वकर्मा योजना की रविवार को शुरुआत करेंगे मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों के लिए "पीएम विश्वकर्मा" योजना की शुरुआत करेंगे। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की घोषणा इस वर्ष 15 अगस्त को श्री मोदी ने लालकिले की प्राचीर से अपने राष्ट्र संबोधन के दौरान की थी। यह योजना पूरी तरह से केंद्र सरकार की होगी और इसके लिए 13 हजार करोड़ रुपए निर्धारित किये गये हैं। यह योजना पूरे देश में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के कारीगरों और शिल्पकारों को सहायता प्रदान करेगी। पीएम विश्वकर्मा के अंतर्गत अठारह पारंपरिक शिल्पों को शामिल किया जाएगा। इनमें बढ़ई, नाव निर्माता, हाथ से शस्त्र बनाने वाले, लोहार, हथौड़ा और टूल किट निर्माता, ताला बनाने वाला, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार, पत्थर तोड़ने वाला, मोची जूता, जूता कारीगर, राजमिस्त्री, टोकरी –चटाई– झाड़ू निर्माता–कॉयर बुनकर, गुड़िया और खिलौना निर्माता (पारंपरिक), नाई, माला बनाने वाला, धोबी,दर्जी और मछली पकड़ने का जाल निर्माता शामिल हैं।योजना के तहत, बायोमेट्रिक आधारित पीएम विश्वकर्मा पोर्टल का उपयोग करके सामान्य सेवा केंद्रों के माध्यम से विश्वकर्माओं का निःशुल्क पंजीकरण किया जाएगा। उन्हें पीएम विश्वकर्मा प्रमाण पत्र और आईडी कार्ड के माध्यम से मान्यता प्रदान की जाएगी। कारीगरों को बुनियादी और उन्नत प्रशिक्षण से जुड़े कौशल उन्नयन, 15,000 रुपए का टूलकिट प्रोत्साहन, दो किस्तों में एक लाख रुपए और दो लाख रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इसके अलावा पांच प्रतिशत की रियायती ब्याज दर, डिजिटल लेनदेन के लिए प्रोत्साहन और विपणन सहायता भी उपलब्ध होगी। इस योजना का उद्देश्य गुरु–शिष्य परंपरा या अपने हाथों और औजारों से काम करने वाले कारीगरों के पारंपरिक कौशल के परिवार–आधारित अभ्यास को मजबूत करना है।

## दुनिया में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सबसे अधिक भारत में : धनखड़

भोपाल, एजेंसी। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज कहा कि भारत में हाल के वर्षों में सभी क्षेत्रों में व्यापक प्रगति हुयी है और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भी दुनिया में सबसे अधिक इसी देश में है। श्री धनखड़ ने यहां माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के चतुर्थ दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के जनसंपर्क मंत्री राजेंद्र शुक्ल, उच्च शिक्षा मंत्री मोहन यादव और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे। राज्यसभा के सभापति श्री धनखड़ ने भारतीय संसद का जिक्र करते हुए कहा कि दुनिया में अभिव्यक्ति की जितनी आजादी यहां की संसद में है, उतनी कहीं नहीं है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं ही राज्यसभा में सभी विषयों पर चर्चा के लिए सदस्यों को आमंत्रित करते हैं। नियमों के अनुरूप उन्हें समय देते है। उन्होंने मीडिया और पत्रकारों से आह्वान करते हुए कहा कि वे प्रजातंत्र के चौथे स्तंभ हैं और यदि जनप्रतिनिधि भी अपना दायित्व बेहतर तरीके से नहीं निभा पा रहे हैं, उन्हें इस मुद्दे को भी तथ्यात्मक ढंग से उठाना चाहिए। श्री धनखड़ ने मीडिया से सटीक और तथ्यात्मक खबरों पर ज्यादा ध्यान देने का अनुरोध करते हुए कहा कि पिछले दस वर्षों के दौरान देश में सभी क्षेत्रों में व्यापक प्रगति हुयी है। भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और आने वाले समय में यह तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा कि विश्व की प्रमुख एजेंसी स्वयं भी इस बात को तथ्यों के साथ कह चुकी हैं। इस स्थिति में भारतीय मीडिया का भी दायित्व है कि वह सकारात्मक बातों को भी बेहतर तरीके से सबके सामने लाए।



उन्होंने कहा कि आज के दौर में भी देश के विकास में मीडिया की बड़ी भूमिका है और पत्रकारों को यह बात समझना चाहिए। उन्हें खोजी पत्रकारिता पर भी ध्यान देना चाहिए। यदि सिस्टम में कहीं कोई कमी है, तो उसे तथ्यों के साथ सामने लाना चाहिए। मीडिया को सनसनीखेज और तथ्यविहीन खबरों से बचना चाहिए। उप राष्ट्रपति ने दिल्ली में हाल ही में संपन्न जी20 संबंधी शिखर बैठक का जिक्र करते हुए कहा कि वे स्वयं उस आयोजन में थे और आयोजन स्थल पर बाढ़ जैसी स्थिति नहीं थी, लेकिन उसे इस तरह से नकारात्मक तरीके से पेश कर दिया गया, जैसे भयावह स्थिति थी। उन्होंने कहा कि वास्तव में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का यह एक सफल आयोजन हुआ है और वह कुछ लोगों को ठीक नहीं लगा। उन्होंने कहा कि देश में इसी तरह आर्थिक और अन्य क्षेत्रों में भी अभूतपूर्व विकास हो रहा है, लेकिन कुछ नागरिकों को यह हजम नहीं हो रहा है। श्री धनखड़ ने एक अन्य उदाहरण देते हुए कहा कि उनके कार्यालय (उप राष्ट्रपति) के ऑफिशियल हैंडल से सोशल मीडिया पर कुछ फोटो पोस्ट किए गए हैं। वे सार्वजनिक हैं, लेकिन एक अखबार में प्रकाशित कर दिया गया कि फोटो 'फेक' हैं।

उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि यह किस तरह की पत्रकारिता है। क्या किसी चीज को सनसनीखेज बनाना जरूरी है। उन्होंने विश्वविद्यालय से डिग्री लेकर निकलने वाले विद्यार्थियों से अनुरोध किया कि वे देशहित को सर्वोपरि रखकर समाज और राष्ट्र के निर्माण में अपनी बेहतर भूमिका सुनिश्चित करें।

## हिमाचल की त्रासदी को लेकर प्रियंका ने लिखा मोदी को पत्र



नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर कहा है कि आपदा ने हिमाचल प्रदेश को तबाह कर दिया है और वहां पूरी तरह से पुनर्निर्माण की जरूरत है इसलिए पीड़ितों को राहत पहुंचाने के लिए इस त्रासदी को राष्ट्रीय आपदा घोषित किया जाना चाहिए। श्रीमती वाड्रा ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में कहा "मैं आपसे अपील करती हूँ कि इस आपदा को 2013 की केदारनाथ त्रासदी की तरह राष्ट्रीय आपदा घोषित किया जाये और पीड़ितों तथा राज्य को आर्थिक मदद पहुँचाई जाये ताकि हिमाचल के भाई–बहनों को राहत मिले और राज्य का समुचित ढंग से पुनर्निर्माण किया जा सके।" उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य की जनता के साथ कंधा से कंधा मिलाकर त्रासदी से निपटने के लिए लगातार काम कर रही है। वहां लोग एकजुट होकर श्रमदान कर रहे हैं और चंदा जुटाकर राहत कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को राहत देने का प्रयास कर रहे हैं। आपदा से निपटने की लोगों की यह एकजुटता बहुत प्रभावित करती है और उनकी समस्याओं को इससे समझा जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस त्रासदी से पीडित हिमाचल के साथ आज पूरा देश आगे बढ़कर खड़ा हो रहा है और उन्हें उम्मीद है कि हिमाचल की जनता के प्रति संवेदनशीलता रखते हुए श्री मोदी उनकी मदद के लिए उचित कदम उठाएँगे।

# कलशों के साथ निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा



**मैहर।** अलौकिक विद्याओं और साधनाओं से परिपूर्ण हमारे मध्यप्रदेश के दतिया जिले का पण्डोखर धाम एक ऐसा स्थान है जो अपनी त्रिकालदर्शी शक्तियों के कारण देश विदेश के जनमानस की आस्था का केन्द्र बन गया है उक्त आयोजन हेतु शनिवार को पं.रामनिवास उरमलिया ने पूर्व नपा अध्यक्ष आर.के.सिंह,देवेन्द्र अगवाल, चूड़ामणि बड़ोलिया, सुरेन्द्र सिंह बघेल डा.राजकुमार गौतम एवं कमलेश ताम्रकार के साथ पत्रकार वार्ता आयोजित कर बताया कि ऐसे विश्व विख्यात त्रिकालदर्शी गुरुदेव गुरुशरण शर्मा की दिव्य शक्तियों के चमत्कार का जगत जननी माँ शारदादेवी धाम मैहर के अंचल में स्थित सिद्ध बाबा आश्रम मऊ में लोक कल्याणार्थ त्रिकालदर्शी दिव्य दरबार आयोजित किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ 25 सितम्बर सोमवार को 21000 कलश के साथ बड़ा अखाड़ा मैहर से सिद्धबाबा आश्रम मऊ तक निकाली जावेगी पंडोखर सरकार का त्रिकालदर्शी दिव्य दरबार 26 सितम्बर से 28 तक अपरान्ह 3 बजे से सायं 6 बजे तक रहेगा। तो वहीं 26 सितम्बर से 28 सितम्बर संगीतमई श्रीराम कथा साध्वी प्रज्ञा देवी द्वारा दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक प्रतिदिन चलेगा एवं भण्डारा 26 सितम्बर से ही 28 सितम्बर तक निरन्तर 24 घंटे चलता रहेगा। कार्यकम को लेकर सिद्धबाबा आश्रम में टेंट व पंडाल की तैयारियां जोरो से की जा रही हैं। कार्यक्रम के आयोजक वरिष्ठ समाजसेवी पं.रामनिवास उरमलिया एवं श्रीमती ऊषा उरमलिया द्वारा कार्यक्रम को मूर्तरूप देने हेतु युद्वस्तर पर तैयारियां जोरों से चल रही है।

### जनसम्पर्क मंत्री ने हायर सेकण्डरी स्कूल करहिया के नवीन भवन का किया लोकार्पण

# करहिया गांव में दस दिन में हर घर में नल से पहुंचेगा पानी - मंत्री श्री शुक्ल

### नवीन भवन में विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा की सुविधा मिलेगी - मंत्री राजेंद्र शुक्ल





**रीवा।** जनम्पर्क तथा पीएचई मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने करहिया नम्बर एक में एक करोड़ रुपए की लागत से बने हायर सेकण्डरी स्कूल के नवीन भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर श्री शुक्ल ने कहा कि करहिया के इस स्कूल को कक्षा 5वीं से 8वीं तक उन्नयन तथा 8वीं से हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी में उन्नयन हमारी सरकार के कार्यकाल में किया गया। नवीन भवन के रूप में आज इस क्षेत्र के वासियों को बड़ा उपहार मिला है। नवीन भवन में विद्यार्थियों को शिक्षा की बेहतर सुविधा मिलेगी। शहर से सटे हुए इस गांव की बहुत लम्बे समय तक उपेक्षा की गई। अब इस गांव को विकास की कई ब?ी सौगातें मिली हैं। आपने हमें जो आशीर्वाद दिया उसका सही उपयोग हो रहा है। करहिया में जलजीवन मिशन से चार करो? रुपए की लागत से नलजल योजना बनाई जा रही है। इसका निर्माण कार्य लगभग पूरा हो गया है। पीएचई के अधिकारी 10 दिनों में शेष काम पूरा कराकर हर घर में नल से पानी की आपूर्ति करें। मंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि जिले के 1800 गांवों को पेयजल की सुविधा देने के लिए जलजीवन मिशन से बाणसागर दो समूह नलजल योजना तथा टमस समूह नलजल योजना का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इनके पूरा होते ही पूरे क्षेत्र में हर घर में मीठा पानी उपलब्ध होगा। आज मुख्यमंत्री जी ने ला?ली बहना आवास योजना का भोपाल से शुभारंभ किया है। इस योजना के तहत ला?ली बहना योजना के हितग्राहियों, आवासहीनों, दो कमरे के कच्चे घर में रहने वाले परिवारों तथा 12 हजार रुपए महीने से कम आय वाले परिवारों को पक्के आवास की सुविधा मिलेगी। ला?ली बहना योजना की बहनों तथा उज्ज्वला योजना के हितग्राहियों को 450 रुपए में गैस सिलेण्डर देने के लिए भी फार्म भरवाए जा रहे हैं। सरकार ने गरीबों के कल्याण की हमेशा चिंता की है। शासन की योजनाओं का लाभ लेकर लाखों परिवारों ने अपना जीवन बेहतर किया है। ला?ली लक्ष्मी योजना, ला?ली बहना योजना तथा मुख्यमंत्री कन्यादान योजना ने महिला सशक्तीकरण की नई इबारत लिखी है। देश के प्रधानमंत्री जी ने उ?ान योजना के माध्यम से गरीबों के हवाई जहाज से यात्रा का सपना पूरा किया है। रीवा में हवाई अड्डे का तेजी से निर्माण किया जा रहा है। यहाँ से भी हवाई चप्पल पहनने वाले हवाई जहाज से यात्रा कर सकेंगे। समारोह में मंत्री श्री शुक्ल ने लाड़ली बहना योजना तथा उज्ज्वला योजना की पाँच हितग्राही बहनों को गैस कनेक्शन के फार्म भरवाए। कार्यक्रम में ग्राम करहिया नम्बर एक की निवासी श्रीमती उमा साकेत, श्रीमती विनीता कुशवाहा, श्रीमती अर्चना साकेत, श्रीमती काजल कुशवाहा तथा महिमा साकेत के फार्म भरवाए गए। उज्ज्वला योजना की हितग्राहियों गुलाबकली तथा शशि साकेत के फार्म भरवाए गए। समारोह में कार्यपालन यंत्री पीआईयू केके तिवारी ने भवन निर्माण की तकनीकी जानकारी दी। स्कूल के प्राचार्य राजकुमार पाण्डेय ने अतिथियों का स्वागत किया। समारोह में समाजसेवी महेश शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। समारोह में नगर निगम के अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय, श्री राजेश पाण्डेय, श्री भूपेन्द्र सिंह, सरपंच श्रीमती रेखा यादव, पार्षद संजय सिंह तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित हुए।

# जनसम्पर्क मंत्री ने लाड़ली बहना आवास योजना के हितग्राहियों के भरवाए फार्म

### जिले में एक लाख से अधिक हितग्राहियों को मिलेगा आवास योजना का लाभ - श्री शुक्ल





**रीवा।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने वर्चुअल माध्यम से लाड़ली बहना आवास योजना का शुभारंभ किया। कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र में आयोजित कार्यक्रम में जनसम्पर्क तथा पीएचई मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल एवं विधायक गुढ़ श्री नागेन्द्र सिंह इस कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। कार्यक्रम में रीवा विकासखण्ड की पाँच हितग्राहियों के आवेदन पत्र भरवाए गए। मंत्री श्री शुक्ल, विधायक गुढ़, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल ने लाड़ली बहना आवास योजना के हितग्राहियों के फार्म भरवाए। कार्यक्रम में ग्राम दुआरी की हितग्राही आशा साकेत, सीता यादव, बिन्नू साकेत, राजकली यादव तथा शकुंतला यादव के आवेदन पत्र भरवाए गए। इस अवसर पर मंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री जी ने महिलाओं के कल्याण की अनूठी योजना शुरू की है। लाड़ली लक्ष्मी और लाड़ली बहना योजना से बेटियों और बहनों को बेहतर हुआ है। मुख्यमंत्री जी ने लाड़ली बहनों को आज आवास योजना का उपहार दिया है। रीवा जिले में लगभग एक लाख हितग्राहियों को इस योजना से पक्के आवास मिलेंगे। लाड़ली बहना योजना के हितग्राही, आवासहीन, दो कमरे के कच्चे आवास में रहने वाले एक लाख 44 हजार से कम वार्षिक आय वाले परिवारों को भी इस आवास योजना का लाभ मिलेगा। लाड़ली बहना योजना के हितग्राहियों तथा उज्ज्वला योजना के हितग्राहियों को अब 450 रुपए में गैस सिलेण्डर रिफिल किया जा रहा है। इसके भी आवेदन पत्र भरे जा रहे हैं। सभी आवेदन पत्र गांव में ही भरे जाएंगे। कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे, परियोजना अधिकारी संजय सिंह तथा हितग्राही उपस्थित रहे।

### जनसम्पर्क मंत्री ने किया निर्माणाधीन पार्क का निरीक्षण



**रीवा।** जनसम्पर्क तथा पीएइचई मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने सिविल लाइन में 10 एकड़ क्षेत्र में बनाए जा रहे पार्क का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों तथा निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधियों को समय सीमा में निर्माण कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए। मंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि पार्क के निर्माण के लिए निर्धारित की गई डिजाइन के अनुसार सभी निर्माण कार्य कराएं। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। यह पार्क शहर की पहचान बनेगा। पार्क की बाउन्ड्रीवॉल, सड़क निर्माण, पेवर लगाने, घास लगाने तथा सजावटी पौधों के संबंध में मंत्री श्री शुक्ल ने निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए है

# मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण कल

**रीवा।** विधानसभा चुनाव में तैनात होने वाले मतदान दल तथा मतगणना दल के सदस्यों को प्रशिक्षण देने के लिए विधानसभावार मास्टर ट्रेनर तैनात किये गये हैं। मास्टर ट्रेनरों का बुनियादी प्रशिक्षण 18 सितंबर को सुबह 11.30 बजे से कलेक्ट्रेट के मोहनसभागार में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण में मतदान तथा मतगणना की पूरी प्रक्रिया, ईव्हीएम संचालन, मतपत्र लेखा तैयार करने एवं निर्वाचन संबंधी नियामों एवं निर्देशों का प्रशिक्षण दिया जायेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने सभी मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं।

# कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा में क्षेत्रीय कार्यकर्ता होंगे शामिल : देपुरिया

दैनिक पुष्पांजली टुडे



**भिण्ड ।** जिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष मनोज देपुरिया ने प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि कांग्रेस की प्रस्तावित जन आक्रोश यात्रा में अटेर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता बड़े पैमाने पर शामिल होंगे।श्री देपुरिया ने कहा कि अटेर के वर्तमान भाजपा के विधायक जो कि मध्यप्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री है उन्होंने क्षेत्र में कोई भी विकास कार्य नहीं किया इससे अटेर का विकास बहुत पिछड़ गया है, जनता पूरे प्रदेश से भाजपा को उखाड़ फेंकने को तैयार है, श्री देपुरिया भी अटेर से कांग्रेस के प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं, उन्होंने कहा कि अगर पार्टी ने विश्वास करते हुए अटेर विधानसभा क्षेत्र से टिकिट दिया तो वह निश्चित तौर पर बहुत अच्छे मतों से विजय होंगे, और जीतने के बाद अटेर का चहुमुखी विकास करेंगे।

# व्यावसायिक एवं औद्योगिक बैंक के डायरेक्टर चुनाव में हुई 53 प्रतिशत वोटिंग





**मुरैना।** व्यावसायिक एवं औद्योगिक सहकारी बैंक मर्यादित मुरैना के डायरेक्टर के लिए रविवार को मतदान संपन्न हुआ और शाम 5 बजे से मतगणना आरंभ हो गई, परिणाम देर रात्रि तक आने की संभावना है। चुनाव को देखते हुए मतदान स्थल उत्कृष्ट विद्यालय पर भारी पुलिस फोर्स तैनात किया गया है, ताकि चुनाव शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो सके।व्यावसायिक एवं औद्योगिक बैंक के डायरेक्टर हेतु पिछले कई दिनों से मुरैना शहर में व्यापारी वर्ग एवं बैंक से जुड़े सदस्य काफी उत्साह में अपने-अपने प्रत्याशी के लिए वोट मांगने लगे हुए थे। रविवार की सुबह 7~00 बजे से उत्कृष्ट विद्यालय में डायरेक्टर पद के लिए मतदान हुआ, जिसमें प्रत्याशी एवं उनके समर्थकों के साथ-साथ मतदाताओं में भारी उत्साह देखा गया। चुनाव को देखते हुए मतदान स्थल पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद ठाकुर, नगर पुलिस अधीक्षक राकेश गुप्ता, निरीक्षक श्रीमती भूमिका दुबे, कोतवाली निरीक्षक सुनील खेमरिया सहित भारी पुलिस बल मौजूद था। व्यवसायिक बैंक के चुनाव में मुरैना में कुल मतदाता 10350 है और 51 प्रतिशत मतदान के अनुसार 5329 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया है। वहीं पड़ोसी श्योपुर जिले मैं 1150 मतदाताओं में से 69 प्रतिशत लगभग 800 मतदाताओं ने अपने मत का उपयोग किया। कुल मिलाकर 53 प्रतिशत वोटिंग हुई है। रविवार की शाम 5~00 बजे से उत्कृष्ट विद्यालय में मतगणना आरंभ हो गई है, जिसके लिए 15 टेबल लगाई गई हैं और तेज गति से गिनती का काम शुरू कर दिया गया है तथा देर रात्रि तक परिणाम आने की संभावना है।वोटरों को नहीं मालूम तक काहे का है चुनावव्यावसायिक एवं औद्योगिक बैंक के लिए रविवार को संपन्न हुए मतदान के दौरान उत्कृष्ट विद्यालय के प्रांगण में जब कुछ मतदाताओं से मीडिया कर्मियों ने सवाल पूछा कि वह किसे वोट डालने आए हैं और किसका चुनाव है तो कई मतदाता जवाब ही नहीं दे पाए इससे ऐसा प्रतीत होता है कि पूर्व में बैंक में रहे पदाधिकारी द्वारा अपने-अपने वोट फिक्स किए गए हैं।

### 12 वोट डालने के चक्कर में भ्रमित हुए मतदाता

व्यावसायिक एवं औद्योगिक बैंक के चुनाव के दौरान जब मतदाता वोट डालने के लिए मतदान स्थल पर पहुंच रहे थे, तो वहां चार भागों में डिवाइड किए गए मत पत्रों के चलते वह काफी भ्रमित हुए और फिर मतदाताओं ने जो ध्यान आया, वहीं अपने विवेक से किया। संभावना है कि इसके चलते भी वोट परसेंट घटा है।

# पेशी के दौरान ट्रेन से कूदकर फरार हुए शातिर आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**मुरैना।** जिले के सराय छोला थाना अंतर्गत राजस्थान का एक कैदी मुरैना पेशी के दौरान ट्रेन से कूदकर फरार हो गया था, जिसे पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया।31 अगस्त 2023 को जिला धौलपुर राजस्थान की जेल में निरुद्ध बंदी को न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मुरैना (म.प्र.) के प्रकरण क्रमांक आरसीटी 2474/21 एवं 2552/21 में जिला धोलपुर पुलिस लाइन के पुलिस कर्मियों द्वारा ट्रेन के माध्मय से मुरैना पेशी पर लाया गया था। जिला मुरैना में न्यायालय में पेशी के उपरांत उक्त बंदी को छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस से जिला धोलपुर वापस ले जाते समय बंदी द्वारा साथ आये पुलिसकर्मियों को उल्टी करने का बहाना बना कर टॉयलेट की तरफ पहुंचकर थाना सरायछोला के अंतर्गत आने वाली बंधा पुलिय के खम्भा नम्बर 1275/1819 के पास चलती ट्रेन से मय हथकडी के कूद गया, जिससे हथकडी पकडे पुलिस आरक्षक ट्रेन में गेट के पास ही गिर गया। ट्रेन की चेन खींच कर ट्रेन को रोककर फरार आरोपी की तलाश की गई, परंतु पता नही चला। थाना सरायछोला में फरार आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 130/23 धारा 224 भादवि का प्रकरण दर्ज किया था। थाना प्रभारी सराय छोला ने पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर शनिवार की रात अल्लाबेली चौकी पर चेकिंग के दौरान पुराने पुल पर पैदल जाते हुए पकड़ लिया। उक्त आरोपी शातिर किस्म का चोर है, जिसके विरूद्ध जिला धोलपुर के थाने मनियां, कोतवाली, कंचनपुर, सैपऊ, निहालगंज, सदर धोलपुर में चोरी, मारपीट, हत्या का प्रयास जैसी धाराओं के कुल 18 प्रकरण दर्ज है, साथ ही जिला मुरैना के सिविल लाईन में चोरी के 02 प्रकरण तथा सरायछोला में 01 प्रकरण पंजीबद्ध है।



# मोहना थाना में शांति समिति ने चलाया अनोखा अभियान जनप्रतिनिधियों ने एसडीओपी के साथ अपने हाथों से उठाए ठेले और व्यवस्थित लगाये

पुलिस प्रशासन ने व्यवस्थित ठेला दुकान लगाने वाले का बाज़ार में फूल मालाओं से किया सम्मानमोहना थाना में थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुशवाह द्वारा शांति समिति की बैठक गणेश उत्सव को देखते हुए रखी गई जिसमें जनप्रतिनिधि व सभी धर्मों के गुरु शामिल हुए। जनप्रतिनिधियों द्वारा अपनी बात रखी गई कि शहर के बस स्टैंड में आये दिन कोई न कोई छुट पुट दुर्घटना होती है क्योंकि हाथ ठेले वाले और बीच सड़क में दुकान लगा लेते हैं। एसडीओपी घाटीगाँव संतोष पटेल के आग्रह पर सभी जनप्रतिनिधि और पुलिस प्रशासन इकट्ठे होकर बाज़ार पहुँचे और वहाँ जनप्रतिनिधियों ने स्वय पुलिस के साथ हाथ ठेलों को उठाकर व्यवस्थित लगवाया और सभी को समझाइश दी कि दुकान को मुख्य सड़क के बाद ही किनारे में लगायें। साथ ही मुगौडा बनाने वाले राकेश का फुल माला से सम्मान किया जो हमेशा दुकान व्यवस्थित खाता है और साफ़ सफ़ाई में अग्रणी रहता है एसडीओपी संतोष कुमार पटेल के साथ थाना प्रभारी मोहना धर्मेन्द्र कुशवाहा, सीएमओ नगर परिषद, जनप्रतिनिधी व मोहना के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे



# जलवायु परिवर्तन के इस दौर में पौधारोपण आवश्यक प्रदीप सोनी थाना प्रभारी गोहद चौराहा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**गोहद/**गोहद चौराहा वार्ड नंबर 17 में स्थित मुक्ति धाम में स्वर्गीय चेनु पूर्व पार्षद वार्ड नंबर 18 हर गोविंदपुरा की पुण्य स्मृति में उनके परिवार वालों के साथ समाजसेवियों द्वारा पौधारोपण का कार्यक्रम रखा गया इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदीप सोनी थाना प्रभारी गोहद चौराहा द्वारा पूर्व पार्षद की पुण्य स्मृति में सर्वप्रथम 2 मिनट का मौन ध्यान कर श्रद्धांजलि श्रद्धांजलि रखते हुए कहा कि आज उनकी स्मृति में उनके परिवार के लोगों द्वारा पौधारोपण करवाना एक अच्छा पुनीत सेवा कार्य है क्योंकि जलवायु परिवर्तन के इस दौर में पौधारोपण ही एकमात्र विकल्प है। जिससे इस धरा और वायुमंडल , वा ओजोन की परत को बचाया जा सकता है जिससे वातावरण को स्वच्छ हवा, एवं रहने योग्य बन सकता



है उन्होंने मुक्ति धाम के सौंदरीकरण की भी भूरि भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि हमारे लायक कोई भी सेवा कार्य के संबंध में सहयोग की जरूरत हो तो मैं सदैव तत्पर रहूंगा ।इस अवसर पर बीके रुक्मणी बहन ने पौधारोपण करते हुए सभी को संकल्प दिलाया और कहा कि हम सभी इस वर्ष अपने-अपने घरों पर व सरकारी खाली जगह में पौधारोपण कर उनके बच्चों की तरह देखभाल करें। जेपी अग्रवाल ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस मुक्ति धाम में आज 300 से अधिक पौधे रोपित किए जा चुके हैं। जिनकी देखभाल करना हम सबका मुख्य दायित्व है ।इस समय मुक्तिधाम में विगत 18 महीने से कोई चौकीदार माली या सफाई कर्मचारी ना होने से सभी को अत्यधिक परेशानी हो रही है। इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों नगर पालिका अध्यक्ष , माननीय पार्षदों को भी अवगत कराया जा चुका है। पौधा रोपण करने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व पार्षद के पिता सरदार रतन सिंह उनके पुत्र जीत पन्नू सरदार हरजिंदर सिंह सरदार राजेंद्र कुशवाह पूर्व पार्षद, हीरा सिंह, यश अग्रवाल ,लालू ब्रजेश लोहिया ,महेश सिंह राजावत, प्रेम सिंह तोमर विशेष रूप से उपस्थित थे।

# पाल समाज की राजनितिक भागीदारी पर चर्चा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



**गोहद**/गोहद मे बघेल समाज की बैठक का संचालक रवि बघेल ने किया बैठक मे समाज की एकता और राजनितिक भागीदारी पर चर्चा की गई 7 समाज मे जन जागरूकता लाने के लिए एक दूसरे का सहयोग करने की बात की गई अखिल भारतीय पाल महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहनपाल बघेल ने कहा कि बघेल समाज शिक्षा के साथ राजनीतिक में भी अपना योगदान दे रहा है हर क्षेत्र में के लोगों आने जाने के लिए बघेल महासभा प्रयास कर रही है राजनीति में बघेल समाज एक अहम जिम्मेदारी देनी चाहिए जिससे समाज का विकास हो वही उन्होंने कहा की समाज को शिक्षित करने पर जोर दे अखिल भारतीय बघेल पाल महासभा के नवनियुक्त पदाधिकारी को नियुक्ति पत्र भी दिए गए इस मौके पर मोहनपाल पूर्व प्रत्याशी जनपद सदस्य टिंकू बघेल, सुरेन्द्र सिंह बघेल ( गडरौली )कौशलेन्द्र बघेल,दीपक बघेल, विजय सिंह बघेल, रामबरन बघेल, राजदेव बघेल, तिलक सिंह बघेल, हरेंद्र बघेल, महेश पाल सहित समाज के अनेक समाजसेवी मौजूद रहे है

### 19 को समाजवादी चिंतक रघु ठाकुर अमायन में

# लोसपा प्रत्याशी राकेश कौरव के समर्थन में आम सभा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**गोहद।** देश के प्रख्यात समाजवादी चिंतक व विचारक लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय संरक्षक श्री रघु ठाकुर 19 सितंबर 2023 को राम मंदिर हाट बाजार अमायन तहसील मेहगांव जिला भिंड में विशाल आम सभा को संबोधित करेंगे। लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी द्वारा घोषित मेहगांव विधानसभा प्रत्याशी के समर्थन में क्षेत्र की विभिन्न समस्याएं जैसे अमायन को तहसील का दर्जा, गायों की समस्या, रेत का अवैध उत्खनन, अमायन को नगर पंचायत का दर्जा आदि मांगों व समस्याओं को लेकर लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के द्वारा एक विशाल आम सभा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें देश के प्रख्यात समाजवादी चिंतक व विचारक श्री रघु ठाकुर के साथ लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शंभू दयाल बघेल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम सुंदर सिंह यादव, प्रदेश महासचिव जयंत तोमर, निशार कुरैशी सहित कई नेतागण



उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी ने क्षेत्र वासियों से अपील की है कि आमसभा में अधिक से अधिक लोग पहुंच कर समाजवादी समाजवादी चिंतक रघु ठाकुर को सुनना ना भूलें।मोहना थाना में शांति समिति ने चलाया अनोखा अभियानज्जनप्रतिनिधियों ने एसडीओपी के साथ अपने हाथों से उठाए ठेले और व्यवस्थित लगायेपुलिस प्रशासन ने व्यवस्थित ठेला दुकान लगाने वाले का बाज़ार में फूल मालाओं से किया सम्मानमोहना थाना में थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुशवाह द्वारा शांति समिति की बैठक गणेश उत्सव को देखते हुए रखी गई जिसमें जनप्रतिनिधि व सभी धर्मों के गुरु शामिल हुए। जनप्रतिनिधियों द्वारा अपनी बात रखी गई कि शहर के बस स्टैंड में आये दिन कोई न कोई छुट पुट दुर्घटना होती है क्योंकि हाथ ठेले वाले और बीच सड़क में दुकान लगा लेते हैं। एसडीओपी घाटीगाँव संतोष पटेल के आग्रह पर सभी जनप्रतिनिधि और पुलिस प्रशासन इकट्ठे होकर बाज़ार पहुँचे और वहाँ जनप्रतिनिधियों ने स्वय पुलिस के साथ हाथ ठेलों को उठाकर व्यवस्थित लगवाया और सभी को समझाइश दी कि दुकान को मुख्य सड़क के बाद ही किनारे में लगायें। साथ ही मुगौडा बनाने वाले राकेश का फुल माला से सम्मान किया जो हमेशा दुकान व्यवस्थित खाता है और साफ़ सफ़ाई में अग्रणी रहता है एसडीओपी संतोष कुमार पटेल के साथ थाना प्रभारी मोहना धर्मेन्द्र कुशवाहा, सीएमओ नगर परिषद, जनप्रतिनिधी व मोहना के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवेंद्रनगर में आयुष्मान भव के तहत विशाल स्वास्थ्य शिविर का हुआ संपन्न






**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की पुष्पांजली टुडे की खबर**
मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी देवेंद्र नगर के निर्देशन में क्षेत्रीय गुनौर विधायक माननीय श्री शिवदयाल बागरी जिला कलेक्टर हरजिंदर सिंह की गरिमा मय उपस्थिति में आयुष्मान भव कार्यक्रम के तहत विशाल स्वास्थ्य शिविर संपन्न हुआ। आयुष्मान भारत योजना भारत सरकार का महत्वपूर्ण योजना है जिसका उद्देश्य गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को समस्ता चिकित्सा उपचार प्रदान करना है इस योजना के अंतर्गत 5 लाख तक एक परिवार में एक साल तक निःशुल्क चिन्हित प्राइवेट और सरकारी अस्पतालों में इलाज की व्यवस्था की जाती है जिससे गरीबों और असमर्थ लोगों को आर्थिक बोझ से मुक्ति मिलती है आयुष्मान भारत योजना भारत की स्वास्थ्य सेवाओं को सुधारना एवं समृद्धि से जोड़ना बीमा योजनाओं का एक महत्वपूर्ण कदम है जिसका मुख्य उद्देश्य गरीबों को उचित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने का अधिकार प्रदान करता है आयोजित कैंप में सतना मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर मनोज प्रजापति डॉक्टर प्रियांशी अवस्थी डॉक्टर कार्तिकेय गुप्ता डॉक्टर विनीत साहू डॉक्टर सविता पटेल द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवेंद्र नगर में आकर के मरीजों को अपनी सेवाएं दी तथा जिला चिकित्सालय पन्ना के स्त्री रोग विशेषज्ञ दंत रोग विशेषज्ञ शिशु रोग विशेषज्ञ द्वारा अस्पताल में सेवाएं प्रदान की गई कार्यक्रम में कलेक्टर महोदय द्वारा हॉस्पिटल का बारीकी से निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं के लिए बीएमओ अभिषेक जैन और जिला चिकित्सा अधिकारी की तारीफ कर कार्यक्रम को सफल आयोजन करने के लिए संस्था प्रभारी को बधाई दी । कार्यक्रम में 12 व्यक्तियों के द्वारा रक्तदान किया गया शिविर में 1986 लोगों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया उक्त शिविर में प्रमुख रूप से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पन्ना डॉक्टर बी एस उपाध्याय डॉ गुंजन सिंह जिला प्रोग्राम मैनेजर पूर्व एसडीम आर के बागरी, देवेंद्रनगर तहसीलदार मणिराज बागरी वा वरिष्ठ नेता हरदेव सिंह अमिता बागरी ,श्री ललित गुप्ता आरके शुक्ला पूर्व प्राचार्य डां संतोष जैन जानकी प्रसाद विश्वकर्मा आई के जैन जैन समाज के अध्यक्ष प्रदीप जैन निर्मल जैन प्रेम चंद्र जैन,रामेश्वर गुप्ता,गौरीशंकर कुशवाहा , सतेन्द्र प्रजापति, प्रशांत जैन, सुनील जैन, सेलू अग्रवाल , विजय व्यास , सुधीर अग्रवाल ,विनोद गुप्ता ,अंकित गुप्ता, विवेक खरे, निक्की जैसवाल ,छोटे जैन ,शुभम श्रीवास्तव सहित सैकड़ों की संख्या में हॉस्पिटल कर्मचारी और आमजन उपस्थित रहे कार्यक्रम के सफल संचालन सुरेंद्र प्रताप सिंह द्वारा किया गया

# आयुष्मान भव कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर में ब्लड डोनेशन कैंप में पत्रकारों ने किया रक्त दान





**सतेन्द्र प्रजापति संवाददाता पुष्पांजली टुडे की खबर**
माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर देवेंद्रनगर में आयोजित आयुष्मान भव कार्यक्रम के तहत विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया था जिसमे जरूरतमंदों के लिए रक्त की व्यवस्था के उद्देश्य से रक्त दान शिविर भी लगाया गया था जिसमे देवेंद्रनगर के पत्रकारों सहित 12 लोगों द्वारा रक्त दान कर लोगो को रक्त दान के लिए प्रेरित किया गया।संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा,पत्रकार शैलेश अग्रवाल, पत्रकार सतेंद्र कुमार प्रजापति ने जिला चिकित्सा अधिकारी और जिला कलेक्टर की उपस्थिति में रक्त दान कर लोगो को अधिक संख्या में रक्त दान करने के लिए प्रेरित कियाबीएमओ अभिषेक जैन ने पत्रकारों की इस पहल को शराहते हुए लोगों से समय समय पर आयोजित कैंप में रक्त दान में शामिल होने की अपील की।

# श्री लव कुश सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का किया गया आयोजन जिसमें कुशवाहा समाज के बच्चों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा



**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की पुष्पांजली टुडे की खबर**
कुशवाहा समाज की बच्चों द्वारा कक्षा 6 से 9 तक के छात्र-छात्राओं के माध्यम से जिला स्तरीय श्री लव कुश सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें पन्ना जिले की देवेंद्र नगर तहसील से एवं पन्ना जिले के कोने-कोने से आए बच्चों ने श्री लव कुश सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में 72 प्रतिभागी सम्मिलित रहे और समाज विकास में कार्य करने का कारण लिया इसमें मुख्य रूप से नगर मंडल अध्यक्ष श्री राजेंद्र कुशवाहा जी, संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा पुष्पांजली टुडे, कुशवाहा समाज के जिला अध्यक्ष किशोर कुमार कुशवाहा जी अशोक कुमार कुशवाहा जी पुष्पेंद्र कुमार कुशवाहा जी सोनेलाल कुशवाहा जी एवं समाज के जिला के पदाधिकारी सम्मिलित रहे एवं जिले के नन्हे मुन्ने बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लेकर प्रतियोगिता को सफल बनाया इस प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को आगामी 27 सितंबर को प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

### शिवपुरी पुलिस की अवैध हथियारों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही

# थाना खनियाधाना पुलिस ने आरोपी के कब्जे से दो पिस्टल 32 बोर एक रिबाल्बर 32 बोर, दो कट्टे 315 बोर, अधिया 315 बोर की मय पांच जिन्दा



**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**
**शिवपुरी**-पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह द्वारा अवैध फायर आर्म्स, अवैध शराब, अवैध खनिज परिवहन व जुआ सट्टा के विरूध्द कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया है उक्त आदेश के पालन मे अति. पुलिस अधीक्षक जिला शिवपुरी श्री संजीव मुले एवं एस.डी.ओ.पी महोदय पिछोर श्री प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन दिनांक 16.09.2023 को थाना खनियाधाना पुलिस को भ्रमण के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि गांधी चौक खनियाधाना पर एक व्यक्ति अपने घर के बाहर अवैध हथियार लेकर बेचने के लिये खड़ा है । उक्त सूचना पर से मुखविर द्वारा बताये स्थान पर दविस दी गई तो आरोपी टिकल पुत्र रामजीलाल शर्मा उम्र 19 साल निवासी तिगलिया मौहल्ला खनियाधाना के कब्जे से दो पिस्टल 32 बोर, एक रिवाल्वर 32 बोर दो कट्टे 315 बोर, अधिया 315 बोर की मय पांच जिन्दा राउण्ड कीमती 34500 रुपये जप्त किये गये जिस पर से थाना खनियाधाना पर अपराध क्रमांक 340/2023 धारा 25/27 आर्मस एक्ट का कायम कर विवेचना मे लिया गया ।उक्त कार्यवाही मे निरी रत्नेश यादव, उनि अरविन्द्रसिह चौहान, सउनि प्रकाश सिह कौरव, सउनि गुलसन सोनकर, आर. 907 अरूण मेवाफरोष, आर. 211 लालसिह, आर. 1046 बलराम, आर. 408 धर्मेन्द्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

### शिवपुरी पुलिस की अवैध हथियारों के खिलाफ कार्यवाही जारी

# पुलिस थाना कोतवाली द्वारा अवैध देशी कट्टा व एक जिंदा राउण्ड के साथ एक आरोपी गिरफ्तार किया

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**
शिवपुरी-पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिहं भदौरिया द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए अवैध शराब, अवैध हथियार एवं अवैध गतिविधियों पर रोकर लगाने एवं क्षेत्र मे शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये समस्त थाना प्रभारियों को लगातार आवश्यक निर्देश दिये जा रहे हैं । पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोपियों पर कार्यवाही करने हुते विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत कार्यवाही करते हुये पुलिस थाना कोतवाली द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संजीव मूले एंव नगर पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री अजय भार्गव के मार्गदर्शन में आज दिनांक 17.09.23 को मुखबिर की



सूचना पर रातौर पुलिया के पास फतेहपुर रोड शिवपुरी में अवैध हथियार रखने की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी कोतवाली निरी. विनय यादव की टीम बनायी जाकर रातौर पुलिया के पास फतेहपुर रोड पर जाकर कार्यवाही की जहां आरोपी के कब्जे से एक देशी कट्टा व एक जिन्दा राउण्ड जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया । थाना कोतवाली पर आरोपी के विरुद्ध आयुध अधिनियम के अन्तर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया है ।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी थाना कोतवाली विनय यादव, उनि दीपक पलिया, सउनि), पवन शर्मा, प्र.आर. 142 नरेश यादव आर 206 भूपेन्द्र, आर 248 भोले सिंह, आर. 767 अजीत राजावत, आर0 शिवांशु यादव की विशेष भूमिका रही ।

# महर्षि अरविंद जी के जीवन एवं विचारों से सीख ले युवा पीढ़ी- अमित भार्गव

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**



शिवपुरी- मप्र जन परिषद शिवपुरी द्वारा शासकीय महाविद्यालय शिवपुरी में महर्षि अरविंद जी की जयंती मनाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष अमित भार्गव ने की।प्रमुख वक्ता के रूप में वरिष्ठ अतिथि प्रोफेसर डॉ.राजीव दुबे विभागाध्यक्ष अंग्रेजी विभाग शासकीय पी.जी. कॉलेज शिवपुरी, सुश्री जया शर्मा वाणिज्यकर विभाग, अनुप्रिया तंवर पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष शासकीय पीजी कॉलेज शिवपुरी, अंकिता गुप्ता हार्टफुलनेस से रहे। कार्यक्रम की शुरुआत महर्षि अरविंद जी के चित्र पर फूल माला अर्पण कर की गई।कार्यक्रम की शुरुआत में म.प्र.जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक डॉ.रीना शर्मा द्वारा जन अभियान परिषद के बारे में अतिथिगणों और मौजूद सभी लोगों को बताया कि जन अभियाद परिषद किन-किन क्षेत्रों में काम करता है।कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि जन भागीदारी की समिति के अध्यक्ष अमित भार्गव के द्वारा महर्षि अरविंद के बारे में बताया कि उन्होंने किस प्रकार समाज के लिए कार्य किया आदमी को अपने सिद्धांतों पर रहना चाहिए चाहे वह किसी भी परिवेश में निवास करता हो, यह रहता हो। कार्यक्रम में उपस्थित दूसरे अतिथि राजीव दुबे द्वारा महर्षि अरविंद जी के बारे में बताया कि उनका जन्म कोलकाता में हुआ था 7 साल की उम्र में उनको एक अच्छे कॉन्वेंट स्कूल में दाखिला दिलवाया और उसे समय वह आईपीएस में 11वीं नंबर की रैंक पर आए उसके बाद भी उन्होंने उसे नौकरी को नहीं किया और राष्ट्रीय धर्म के लिए निकल पड़े।सुश्री जया शर्मा द्वारा महर्षि के बारे में विस्तार पूर्वक बताया एबीपी छात्र संघ से कु.अनुप्रिया तंवर द्वारा एक ओजस्वी वक्तव्य दिया जिसमें उन्होंने महर्षि अरविंद जी के जीवन चरित्र के अलावा राष्ट्रीय धर्म और अपने सनातन धर्म को कैसे हम आगे बढ़ाएं।इस पर उन्होंने बताया कार्यक्रम का संचालन केशव शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि, प्रस्फुटन समिति के सदस्य, समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं सीएमसी एलडीपी के छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए। कार्यक्रम समापन पर नवांकुर संस्था कांकर से चंदन सिंह धाकड़ द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

## पेज एक का शेष...

### उत्तर कोरिया से रूस तो दक्षिण कोरिया से अमेरिका को हथियार!

इस बीच दक्षिण कोरिया ने भी रक्षा क्षेत्र में विकास किया और अमरीका की मदद से अपना रक्षा उद्योग विकसित किया। आज वह टैंक, होविटज़र मिसाइलें, लड़ाकू विमान और बख्तरबंद गाड़ियां बेचकर युद्ध में यूक्रेन की मदद कर रहा हैं। इससे न केवल दक्षिण कोरिया को कमाई हो रही है वरन वह पहले मिली मदद का अहसान भी चुका पा रहा है।

आश्चर्य जो अमेरिका और दक्षिण कोरिया केमध्य मदद-के-बदले मदद का खेल दुनिया को बुरा नहीं लग रहा है। मगर रूस और उत्तर कोरिया की खतरनाक जुगलबंदी से दुनिया खौफजदा है। इकानामिस्ट पत्रिका का मानना है कि दोनों देशों के बीच हो रहे सौदों से न सिर्फ यूक्रेन के लिए समस्या अधिक गंभीर होगी बल्कि एशिया में परमाणु हथियारों का खतरा भी



बढ़ेगा। यह चिंता एकदम जायज है, और चीन भी इससे फिक्रमंद है। हालांकि चीन यूक्रेन युद्ध में शुरू से रूस का समर्थन कर रहा है, लेकिन वह रूस और उत्तर कोरिया की बढ़ती नजदीकियों से चिंतित है। परंपरागत रूप से चीन और उत्तर कोरिया के सम्वन्ध बहुत अच्छे नहीं रहे हैं लेकिन हाल के दौर में व्यापार, खाद्यान्न और ईंधन के आयात के लिए वह चीन पर निर्भर रहा है। अतः चीन कुछ शर्तों के साथ, उत्तर कोरिया का समर्थन करता रहा है। लेकिन किम जोंग और पुतिन की मुलाकात के नतीजे में उत्तर कोरिया को न सिर्फ सैन्य तकनीकी बल्कि खाद्यान्न और ईंधन भी हासिल हुए हैं। इसका मतलब है कि उत्तर कोरिया की चीन पर निर्भरता कम होगी और उत्तर कोरिया पर चीन की पकड़ भी। ऐसे हालात में आक्रामक चीन उत्तर कोरिया पर काबू पाने के लिए अमेरिका के प्रति अपने द्वेष को भुलाकर उससे हाथ मिला सकता है।

रूस और उत्तर कोरिया के बीच बढ़ती रिश्तों की गर्माहट के बावजूद इसमें संदेह है कि पुतिन उत्तर कोरिया को पूरी तरह कारगर आईसीबीएम बनाने या परमाणु शक्ति संपन्न पनडुब्बियां बनाने की तकनीक देंगे। क्योंकि रूस, उत्तर कोरिया और चीन के बीच आपसी परस्पर विश्वास इतना कम है कि इनके बीच का कोई भी गठजोड़ भरोसेमंद या टिकाऊ नहीं होगा।

कुछ भी हो, हर दिन दुनिया में नए खतरे, चुनौतियां, शत्रुता, मित्रता, दृष्टिकोण और अंतर्दृष्टि उत्पन्न हो रही हैं। और यह सब बदलते वक्त की फितरत है। हो सकता है एक दिन अमेरिका, चीन, और रूस अपने मतभेद, युद्धों की यादें और आपसी घृणा का इतिहास भुलाकर सबसे पहले तेजी से ताकतवर हो रहे तीनों के साझा शत्रु - उत्तर कोरिया - से मिलकर निपटने का कोई फैसला करें। (कॉपीः अमरीश हरदेनिया)

## विचार पेज का शेष...

### मालिकों की सहमति तभी तो ऐसे एंकर

चाहे कोई भी राजनैतिक दल हो और चाहे आरएसएस से लेकर नक्सलवादियों तक की विचारधारा से जुड़े प्रश्न हों, अगर वो मुझे जनहित में ठीक लगे तो उन्हें कालचक्र की रिपोर्ट में प्रसारित करने से कभी कोई गुरेज़ नहीं किया। इसलिए लोग आजतक कालचक्र को याद करते हैं।

पिछले 40 वर्षों की टीवी पत्रकारिता के अपने अनुभव और उम्र के 68वें वर्ष में शायद मेरा यह कर्तव्य है कि मैं टीवी चेनलों में काम कर रहे अपने सहकर्मियों को उनके हित में कुछ सलाह दे सकूँ। सरकारें तो आती-जाती रहती हैं। हर केंद्र सरकार के पास अपनी उपलब्धियों का प्रचार करने के लिए दूरदर्शन, ऑल इंडिया रेडियो और पीआईबी है। जबकि लोकतंत्र में स्वतंत्र मीडिया का काम जनता की आवाज़ बनना होता है। उन्हें सरकार से तीखे सवाल पूछने होते हैं और सरकार की योजनाओं में ख़ामियों को उजागर करना होता है। अगर वे ऐसा नहीं करते तो वे पत्रकार नहीं माने जाएँगे।

हाँ, कोई भी रिपोर्ट या वार्ता में हर टीवी पत्रकार को कोशिश करनी चाहिए कि पूरी तरह निष्पक्षता बनी रहे। इसके साथ ही किसी भी टीवी एंकर को यह हक़ नहीं कि वो विपक्ष के नेताओं को अपमानित करे या उनसे अभद्र व्यवहार करे। टीवी की वार्ता में आने वाले सभी लोग उस एंकर के मेहमान होते हैं। इसलिए उनका पूरा सम्मान किया जाना चाहिए। तीखे सवाल भी शालीनता से पूछे जा सकते हैं। उसके लिए हमलावर होने की नौटंकी करने की कोई ज़रूरत नहीं है। आजकल चल रही ऐसी नौटंकियों के कारण ही टीवी चेनलों की विश्वसनीयता तेज़ी से घटी हैं।

इसी क्रम में मैं उन नामी टीवी पत्रकारों को भी बिन माँगी सलाह देना चाहूँगा जो रात-दिन प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार के ख़िलाफ़ सोशल मीडिया पर हमलावर रहते हैं। तथ्यों को सामने लाना उनका कर्तव्य हैं। इसलिए वो ये ज़रूर करें। पर नरेंद्र मोदी सरकार के अच्छे कामों की उपेक्षा करके या उन कामों की प्रशंसा न करके वे ऐसे लगते हैं मानो वो विपक्ष का एजेंडा चला रहे हैं। उनका ये रवैया ग़लत है। इस तरह दोनों ख़ेमों के पत्रकारों को आत्म विश्लेषण करने ज़रूरत है। न तो हम ख़ेमों में बटें और न ही अपने दर्शकों को ख़ेमों में बाँटें। जो सही है उसे ज्यों की त्यों प्रस्तुत करें और फ़ैसला दर्शकों के विवेक पर छोड़ दें।

# तेलंगाना में राहुल ने दी कांग्रेस की गारंटी

**रंगारेड्डी में आयोजित रैली में राहुल ने दावा किया कि एक सौ दिन के अंदर भारत राष्ट्र समिति की सरकार यहां से हट जाए। राहुल ने कहा- इसे कोई नहीं रोक सकता। चाहे बीजेपी चाहे, चाहे ओवैसी की पार्टी चाहे। इसे बदल नहीं सकती।**



**हैदराबाद ■** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हैदराबाद में कांग्रेस कार्य समिति की बैठक के बाद पार्टी की ओर से आयोजित रैली में आम लोगों के लिए अपनी पार्टी की ओर से गारंटियों का ऐलान किया। रंगारेड्डी में आयोजित रैली में राहुल ने दावा किया कि एक सौ दिन के अंदर भारत राष्ट्र समिति की सरकार यहां से हट जाए। राहुल ने कहा- इसे कोई नहीं रोक सकता। चाहे बीजेपी चाहे, चाहे ओवैसी की पार्टी चाहे। इसे बदल नहीं सकती।

कर्नाटक की तर्ज पर राहुल ने तेलंगाना की जनता को छह गारंटियां दीं। उन्होंने कहा कि राज्य में कांग्रेस सरकार बनने पर महालक्ष्मी योजना के तहत हर महिला को ढाई हजार रुपए हर महीने दिए जाएंगे। इसके अलावा उन्होंने पांच सौ रुपए में गैस सिलेंडर देने की गारंटी भी दी। राहुल ने कहा- महिलाओं के लिए सरकारी बसों में मुफ्त सफर की व्यवस्था की जाएगी। राज्य के हर नागरिक को दो सौ यूनिट बिजली मुफ्त मिलेगी। इसके साथ ही युवाओं को कॉलेज में दाखिले की परीक्षा की तैयारी के लिए पांच लाख रुपए देंगे।

राहुल गांधी ने रविवार की रैली में कहा- कांग्रेस की सरकार बनने पर बुजुर्गों को हर महीने चार हजार रुपए की पेंशन, हर नागरिक को 10 लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा और जिन लोगों के पास घर नहीं है, उन्हें पांच लाख रुपए की मदद दी जाएगी। उन्होंने कहा कि तेलंगाना राज्य की मांग के लिए लड़ने वाले लोगों को घर मिलेगा। किसानों को हर साल 15 हजार रुपए और मजदूरों को 12 हजार रुपए देने का ऐलान भी राहुल ने किया।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सोनिया गांधी की मौजूदगी में राहुल ने कहा कि राज्य में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति, केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा और असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एमआईएम तीनों एक हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को इन तीनों पार्टियों से लड़ना है। उन्होंने मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव की पार्टी पर तंज करते हुए कहा कि बीआरएस का मतलब भाजपा रिश्तेदार समिति है। राहुल के भाषण का जोर इस बात पर रहा कि कांग्रेस ने अलग तेलंगाना राज्य लोगों को दिया है और कांग्रेस ही इसका विकास करेगी।

इससे पहले हैदराबाद में कांग्रेस कार्य समिति की मीटिंग हुई। इस दौरान 14 सूत्री प्रस्ताव पास किया गया। इसमें भरोसा जताया गया है कि पार्टी साल के अंत में पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों में बहुमत हासिल करेगी। गौरतलब है कि अगले दो महीने में राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, मिजोरम और तेलंगाना में चुनाव होने हैं। बताया जा रहा है कि कार्य समिति की बैठख में चुनावी राज्यों के अध्यक्षों ने चुनावी रणनीति, प्रचार और तैयारियों के बारे में पार्टी के आला नेताओं को बताया।

### शांतिनिकेतन यूनेस्को की विश्व धरोहर में शामिल

**नई दिल्ली, भाषा।** पश्चिम बंगाल के शांतिनिकेतन को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया है। शांतिनिकेतन में ही कवि रवींद्रनाथ टैगोर ने एक सदी पहले विश्वभारती की स्थापना की थी। यूनेस्को ने रविवार को सोशल मीडिया 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में यह घोषणा की। यूनेस्को ने कहा, ''यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शांतिनिकेतन शामिल। भारत को बधाई।'' पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में स्थित इस सांस्कृतिक स्थल को यूनेस्को की धरोहर सूची में शामिल कराने के लिए भारत लंबे समय से प्रयास कर रहा था। विश्वभारती पश्चिम बंगाल का एकमात्र केंद्रीय विश्वविद्यालय है और प्रधानमंत्री इसके कुलाधिपति हैं।

## मणिपुर में सेना के जवान की अपहरण के बाद हत्या

**इंफाल**

मणिपुर के इंफाल पूर्वी जिले के खुनिंगथेक गांव में रविवार को भारतीय सेना के एक जवान का शव मिला। अधिकारियों ने बताया कि जवान की पहचान कांगपोकपी जिले के लीमाखोंग में सेना की रक्षा सुरक्षा कोर (डीएससी) प्लाटून के सिपाही सेर्टो थांगथांग कोम के रूप में हुई है। अधिकारियों ने कहा कि वह इंफाल पश्चिम के तरुंग का रहने वाला था।

उन्होंने बताया कि अज्ञात हथियारबंद लोगों ने शनिवार की सुबह करीब अवकाश पर आए सिपाही कोम का सुबह 10 बजे उनके घर से अपहरण कर लिया था। मामले के प्रत्यक्षदर्शी और कोम के 10 वर्षीय बेटे के अनुसार तीन लोग उसके घर में तब दाखिल हुए जब वह अपने पिता के साथ बरामदे में काम कर रहा था।

अधिकारियों ने उनके बेटे के हवाले से कहा, ''हथियारबंद लोगों ने सिपाही को बंदूक दिखाकर जबरदस्ती सफेद रंग के एक वाहन में बिठाया और मौके से फरार हो गए।'' उन्होंने कहा, ''रविवार सुबह तक सिपाही कोम की कोई खबर नहीं मिली। सुबह 9.30 बजे के आसपास उनका शव इंफाल पूर्व जिले के खुनिंगथेक गांव में मिला।''

### तेदेपा ने नायडू की गिरफ्तारी का मुद्दा उठाया

**नई दिल्ली, भाषा।** तेलुगू देशम पार्टी ने रविवार को सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में अपने नेता चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी का मुद्दा उठाया और कहा कि वह इस मामले को संसद में भी उठाएगी। पांच दिवसीय संसद सत्र शुरू होने से एक दिन पहले आयोजित बैठक के बाद तेदेपा सांसद राममोहन नायडू ने कहा कि उनकी पार्टी ने चंद्रबाबू की ''अवैध गिरफ्तारी'' का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा, ''हम इस मुद्दे को संसद में भी उठाएंगे।''

## भारत खुद को 'कॉन्फ्रेंस टूरिज्म' के लिए तैयार कर रहा: मोदी

**नई दिल्ली ■ भाषा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'वोकल फॉर लोकल' यानी स्थानीय उत्पादों पर जोर देने की जोरदार वकालत करते हुए रविवार को सम्मेलन आधारित पर्यटन (कॉन्फ्रेंस टूरिज्म) के महत्व को रेखांकित किया और कहा कि 'भारत मंडपम' और 'यशोभूमि' भारत के आतिथ्य, श्रेष्ठता और इसकी भव्यता के प्रतीक बनेंगे, क्योंकि दोनों में ही भारतीय संस्कृति और अत्याधुनिक सुविधाओं का संगम है। प्रधानमंत्री ने इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर के पहले चरण को राष्ट्र को समर्पित करने और



'पीएम विश्वकर्मा' योजना की शुरुआत करने के बाद यह बात कही। एक्सपो केंद्र का नाम 'यशोभूमि' रखा गया है। 'भारत मंडपम' में हाल ही में जी20 शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया था।

मोदी ने फिल्म और टेलीविजन उद्योग के साथ-साथ वैश्विक इवेंट मैनेजमेंट कंपनियों को भारत मंडपम और नवनिर्मित यशोभूमि में कार्यक्रम आयोजित करने के लिए आमंत्रित किया।

करीब 5,400 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित, 'यशोभूमि' का कुल निर्मित क्षेत्र 1.8 लाख वर्ग मीटर से अधिक है और यह दुनिया के सबसे बड़े एमआईसीई (बैठकें, प्रोत्साहन, सम्मेलन और प्रदर्शनी) सुविधाओं से लैस है। प्रधानमंत्री ने विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों के लिए 13,000 करोड़ रुपये की 'पीएम विश्वकर्मा' योजना की भी शुरुआत की।

### भाजपा की 'बी टीम' है बीआरएस: खरगे

**हैदराबाद, भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को आरोप लगाया कि तेलंगाना में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) भारतीय जनता पार्टी की 'बी टीम' है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने इस राज्य को धोखा दिया है। उन्होंने हैदराबाद के निकट तुक्कूगोड़ा में आयोजित कांग्रेस की जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने अलग तेलंगाना राज्य का गठन करवाया, लेकिन गत नौ वर्षों में राज्य के साथ किए गए वादों को पूरा नहीं किया गया। खरगे ने कहा कि कांग्रेस जो कहती है वो करती है, लेकिन बीआरएस इसके उलट है। उन्होंने आरोप लगाया, ''बीआरएस भाजपा की बी टीम है इसलिए वह भाजपा की मदद कर रही है....मोदी जी और केसीआर देखने में अलग-अलग हैं, लेकिन अंदर से दोनों एक हैं...मोदी जी झूठ बोलते हैं, केसीआर भी झूठ बोलते हैं, दोनों ने तेलंगाना को धोखा दिया है।''

## विपक्ष को संसद सत्र के एजेन्डे के बारे में अंधेरे में रखा जा रहा है

**नई दिल्ली**

विपक्षी दलों ने सरकार पर ससद क सोमवार से शुरू होने वाले विशेष सत्र के एजेन्डे के बारे में जानकारी छिपाने का आरोप लगाते हुए कहा है कि विपक्ष को अंधेरे में रखा जा रहा है।

विशेष सत्र की पूर्व संध्या पर संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा रविवार को यहां बुलायी गयी सर्वदलीय बैठक के बाद विपक्ष के नेताओं ने कहा कि सरकार सत्र के एजेन्डे के बारे में सही जानकारी नहीं दे रही है और उसकी कथनी तथा करनी में फर्क है। उधर सरकार की ओर से कहा गया है कि विपक्षी दलों को सत्र के बारे में जानकारी दे दी गयी है और उसे उम्मीद है कि विपक्षी दल सत्र के सुचारू संचालन में सहयाग करेंगे।

बैठक में अनेक विपक्षी दलों ने महिला आरक्षण विधेयक पास कराये जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि यह विधेयक काफी समय से लंबित है और लोकसभा चुनाव से पहले इसे पारित करने का उचित समय है।



द्रमुक के तिरूचि शिवा ने बैठक के बाद मीडिया से कहा कि सदस्यों को विधायी कामकाज के बारे में एक सूची दी गयी है लेकिन यह भी कहा जा रहा है कि इसके अलावा भी विधेयक एजेन्डे में हैं। सरकार की ओर से इन विधेयकों के बारे में जानकारी नहीं दी जा रही है। उन्होंने कहा कि पहले सरकार ने कहा था कि यह विशेष सत्र होगा लेकिन अब लग रहा है कि यह सामान्य सत्र है। उन्होंने कहा है कि यदि यह सामान्य सत्र है तो फिर सदस्यों को महंगाई, बेरोजगारी, कावेरी मुद्दा, नीट मुद्दा, राज्यपाल की गतिविधियां, महिला विधेयक जैसे मुद्दे उठाने का पर्याप्त समय दिया जाना चाहिए।

## सार समाचार

### देश को धर्म के आधार पर नहीं बांटा जाना चाहिए : पाटिल

**लातूर (महाराष्ट्र),** पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल ने रविवार को कहा कि भारत में विविध धर्म हो सकते हैं लेकिन लोगों के लिए जन्म, प्यास और भूख एक समान है चाहे वे किसी भी धर्म को मानते हों तथा देश को धर्म के आधार पर नहीं बांटा जाना चाहिए। पाटिल ने 'मराठावाड़ा मुक्ति दिवस' की 75वीं वर्षगांठ का जश्न मनाने के लिए यहां आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि धर्म एक ज्ञान है जो लोगों को जोड़ता है। उन्होंने कहा, ''अगर हम सभी तक इस विचार का प्रसार करेंगे तो हमें अच्छी ताकत मिलेगी।'' लातूर, मराठावाड़ा क्षेत्र के आठ जिलों का हिस्सा है जो कभी निजाम शासित हैदराबाद रियासत के तहत आता था। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ब्रिटिश लोगों और मुगलों ने सदियों तक भारत में राज किया लेकिन देश के पूर्वजों ने इसे एकजुट रखने का प्रयास किया। उन्होंने कहा, ''देश में कई धर्म हैं लेकिन हमने इस भावना को जिंदा रखा कि हम एकजुट हैं। पहले अनाज अमेरिका से खरीदना पड़ता था लेकिन आज भारत आत्मनिर्भर बन गया है और अपने लोगों को अनाज की आपूर्ति करता है तथा विदेशियों को इसका निर्यात करता है।''

### केंद्रीय मंत्री ने 'पीएम कुसुम' योजना को लेकर बंगाल सरकार पर निशाना साधा

**कोलकाता, भाषा।** केंद्रीय मंत्री आर के सिंह ने रविवार को प्रधानमंत्री कुसुम योजना को ''लागू नहीं करने'' पर पश्चिम बंगाल सरकार की आलोचना की। इस योजना के तहत किसानों को कम बिजली लागत के जरिए मदद मिल सकती थी। इस योजना में सिंचाई पंपों के लिए सौर पैनलों की स्थापना की परिकल्पना की गई है, जो आमतौर पर डीजल से संचालित होते हैं। केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री सिंह ने कहा कि योजना के तहत केंद्र व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण के रूप में 30 प्रतिशत सहायता प्रदान करता है।

सिंह ने यहां कहा, ''इस व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण के साथ, सौर ऊर्जा उत्पादन लागत में कमी आएगी और किसानों को कम बिजली दर से लाभ हो सकता है... लेकिन बंगाल सरकार ने इसे लागू नहीं किया है।'' उन्होंने कहा, ''राज्य सरकार की बिजली वितरण कंपनी को केवल सौर पैनल स्थापित करने वाली निजी एजेंसियों से बोलियां आमंत्रित करनी होंगी और फिर उनसे बिजली खरीदनी होगी।'' सिंह ने कहा कि सबसे कम बोली लगाने वाली एजेंसी को ठेका दिया जाएगा। दिल्ली में 13,000 करोड़ रुपये की प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की शुरुआत के अवसर पर वह कोलकाता में इसके ऑनलाइन साक्षी बने। विश्वकर्मा योजना का लक्ष्य पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों द्वारा पेश किए जाने वाले उत्पादों और सेवाओं की पहुंच तथा गुणवत्ता को बढ़ाना है।

## कांग्रेस की आगामी चुनावों के लिए कमर कसने की घोषणा, खरगे ने दी अनुशासन की नसीहत

**हैदराबाद ■**

कांग्रेस ने अपनी कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की दो दिवसीय बैठक के बाद रविवार को पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में खुद को निर्णायक जनादेश मिलने की उम्मीद जताई और कहा कि वह आगे की लड़ाई के लिए कमर कस चुकी है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने विस्तारित कार्य समिति की बैठक में पार्टी नेताओं को दो टूक नसीहत दी कि वे अनुशासित और एकजुट रहें तथा अपने व्यक्तिगत मतभेदों को दूर रखकर कांग्रेस की सफलता को प्राथमिकता दें तथा ऐसा कुछ नहीं करें, जिससे पार्टी को नुकसान हो। कांग्रेस की विस्तारित कार्य समिति की बैठक में अगले लोकसभा और तेलंगाना समेत पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों की रणनीति, संगठन को मजबूत बनाने तथा कुछ अन्य विषयों पर चर्चा की गई।




पार्टी की पुनर्गठित कार्य समिति की पहली बैठक शनिवार को हुई थी और रविवार को विस्तारित कार्य समिति की बैठक हुई। विस्तारित कार्य समिति में कार्य समिति के सदस्यों, विशेष आमंत्रित सदस्यों, स्थायी आमंत्रित सदस्यों के अलावा पार्टी की प्रदेश इकाइयों के अध्यक्ष, विधायक दल के नेता, संसदीय दल के पदाधिकारी तथा केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य शामिल होते हैं।

विस्तारित कार्य समिति की रविवार की बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, कांग्रेस की प्रदेश इकाइयों के अध्यक्ष तथा पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हुए।

बैठक को संबोधित करते हुए खरगे ने कांग्रेस नेताओं से आगामी चुनावों के लिए तैयार रहने की अपील की और कहा कि देश में बदलाव के संकेत हैं तथा कर्नाटक एवं हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव के नतीजे इस बात का प्रमाण हैं।

खरगे ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के मुद्दे को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधा और कहा कि उसने अपने एजेंडे को पूरा करने के लिए इस विषय पर समिति बनाई, जिसकी अध्यक्षता पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को सौंप दी।

# लहार में उम्मीदवार के ऐलान से पहले फूटे बगावत के सुर!

## भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री ने ठोकी चुनावी ताल

**महेंद्र शर्मा**
**उप संपादक पुष्पांजलि टुडे**

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी पारा जैसे-जैसे परवान चढ़ रहा है। सियासी दलों के क्षत्रपों की धड़कने बढ़ने लगी हैं। अलबत्ता सियासी दलों के स्थानीय क्षत्रपों ने अपनी-अपनी जातियों की गोलबंदी करना प्रारंभ कर दी है। इसी को लेकर लहार विधानसभा में पाल बघेल समाज का विशाल महाकुंभ का आयोजित हुआ। जिसमें जुटी भारी-भरकम भीड़ ने एक बात तो साफ कर दी है कि भाजपा के लिए लहार की डगर आसान रहने वाली नहीं है। मतलब साफ है कि भाजपा में बगावत का इतिहास एक बार फिर दोहराए जाने की इबारत पाल-बघेल समाज के इस शक्ति प्रदर्शन ने लिख दी है।कहने को तो यह सम्मेलन पाल-बघेल समाज का था, लेकिन अघोषित रुप से इसे भाजपा समर्थक सभी जाति-समाजों का समर्थन हासिल था। लहार के गणपति पैलेस में आहूत विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा से लहार विधानसभा चुनाव में प्रबल दावेदारी कर रहे नंदराम बघेल ने भाजपा नेतृत्व को अपने बगावती तेवरों का अहसास करा दिया। यहां बताना जरूरी है कि नंदराम बघेल वर्तमान में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री रहते हुए जिला पंचायत भिण्ड के उपाध्यक्ष भी हैं। अतः उनके सियासी रसूख के बारे किसी तरह की भ्रांति की कोई गुंजाइश नहीं है। खुले मंच से नंदराम बघेल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी



लोकसभा भिंड-दतिया के अंतर्गत सभी विधानसभा में बघेल समाज की निर्णायक

जनसंख्या है और लहार विधानसभा में बड़ी संख्या में हम निवास करते हैं, इसलिए इस सीट से हम मजबूती से दावेदारी कर रहे हैं। हमने बहुत सहा आज तक लहार विधानसभा सीट के चुनावी इतिहास में कभी हमारे समाज को अवसर नहीं दिया गया। लेकिन अब बहुत हुआ।अब यदि भाजपा हमारे समाज को लहार विधानसभा सीट से टिकट नहीं देगी, तो इसका परिणाम भुगतना पड़ेगा। नंदराम बघेल की बात के असर का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उनकी एक आवाज पर हजारों लोग जुट जाते हैं। पाल-बघेल समाज का भिंड-दतिया लोकसभा क्षेत्र की ज्यादातर विधानसभाओं में अच्छा खासा प्रभाव माना जाता है। नंदराम बघेल की गिनती समाज में मजबूत पकड़ रखने वाले नेताओं में शुमार है। खास बात यह है कि इस कार्यक्रम में भाजपा-कांग्रेस सहित जिले की सियासत में सक्रिय बसपा के दिग्गज नेताओं की मौजूदगी ने भाजपा नेतृत्व को भौंचक कर दिया है। इस अवसर पर अमृतपाल सिंह बघेल, रौंन विधानसभा बसपा प्रत्याशी गिरिदावल बघेल, बसपा प्रदेश प्रभारी सुनील बघेल, अटेर विधानसभा के बसपा प्रत्याशी रहे संजीव बघेल, जिला पंचायत सदस्य राजवीर बघेल, अशोक बघेल, गोपीलाल कुशवाह, मनोहर बघेल फौजी सेवढा, जालौन जिला पंचायत सदस्य सुखराम पाल, भारत सिंह बघेल, योगेन्द्र सिंह बघेल, मंच संचालन नरेश सिंह बघेल एड. और अध्यक्षता केएल बघेल एड. ने सम्बोधित किया।उल्लेखनीय है कि लहार विधानसभा सीट भाजपा अपनों की बग़ावत के कारण पराजय का दंश झेलती रही है।बीते चार से पांच चुनाव इस बात की गवाही देने के लिए काफी हैं कि इस सीट पर भाजपा उम्मीदवार अपनी पार्टी के बागी उम्मीदवारों के कारण हारते रहे। अम्बरीश शर्मा और रोमेश महंत का चुनाव हो या रसाल सिंह और अम्बरीश शर्मा का चुनाव, हर बार भाजपा के विभीषणों के कारण कांग्रेस उम्मीदवार डॉक्टर गोविन्द सिंह की जीत की राह आसान होती रही। इस बार भाजपा से उम्मीदवारी को लेकर जो संकेत मिल रहे हैं, वह भाजपा के लिए शुभ तो कतई नहीं माने जा सकते हैं। वह भी तब जब खुद संभावित उम्मीदवार ने विभीषण की भूमिका निभाई हो।

# देश को रोजगार युक्त गरीबी मुक्त भारत बनाने के लिए चलाए जा रहे स्वावलंबी भारत अभियान

## रोजगार सृजन केंद्र बनेंगे स्वरोजगार का मुख्य आधारः देवेश थापक



**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** देश को रोजगार युक्त गरीबी मुक्त भारत बनाने के लिए चलाए जा रहे स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत केदार धाम सरस्वती विद्या मंदिर ग्वालियर में उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसका शुभ आरंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वल एवं विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना के साथ किया गया जिसमें स्वावलंबी भारत अभियान की प्रस्तावना श्री विष्णु जी पूर्ण कालिक ने रखी तथा श्री सुरेश जी पाठक प्रांत पदाधिकारी द्वारा द्बइ4 ह्यड्डह्व के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई एवं मुख्य वक्ता के रूप में श्री देवेश जी जिला संयोजक स्वदेशी जागरण मंच ग्वालियर द्वारा विद्यार्थियों को बताया गया कि देश मैं कैसे स्वरोजगार स्थापित किया जाए इसके लिए पूरे देश में रोजगार सृजन केंद्र स्थापित किए गए हैं हमें अपना स्वरोजगार स्थापित कर रोजगार देने वाला बनना है ना कि रोजगार लेने वाला बनना है उद्यमिता के कारण ही आज देश विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था बन सका है तथा राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रही योजना के बारे में विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी प्रदान करी 250 से अधिक विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम मैं सम्मिलित होकर इस कार्यक्रम का लाभ उठाया तथा आभार श्री ज्ञान सिंह जी प्रबंधक केदार धाम आवासीय सरस्वती विद्या मंदिर द्वारा किया गया एवं स्वदेशी जागरण मंच के कार्यकर्ता पदाधिकारी गण प्रमोद जी लोकेंद्र जी सत्येंद्र जी आदि सम्मिलित हुए।

# थाना बिजौली पुलिस ने अवैध हथियार लेकर घूम रहे हिस्ट्रीशीटर को एक लोडेड कट्टा व जिंदा राउण्ड सहित किया गिरफ्तार

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** आगामी विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री राजेश सिंह चंदेल,भापुसे के निर्देश पर ग्वालियर पुलिस द्वारा अवैध हथियार रखने वालों तथा अपराधियों के विरूद्ध जिले में प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। उक्त कार्यवाही के दौरान दिनांक 17.09.2023 को थाना बिजौली पुलिस को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि थाना बिजौली का हिस्ट्रीशीटर अवैध हथियार लिए हाइवे पुल के पास, पवैया मार्केट के सामने किसी वारदात को अंजाम देने की नियत से खड़ा हुआ है। उक्त सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया, जिस पर अति.पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री निरंजन शर्मा द्वारा मुखबिर सूचना की तस्दीक कर उक्त बदमाश के खिलाफ कार्यवाही करने हेतु थाना प्रभारी बिजौली को निर्देशित किया गया।वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में एसडीओपी बेहट श्री शेखर दुबे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बिजौली निरीक्षक श्री मनीष धाकड़ के द्वारा थाना बिजौली पुलिस की टीम को मुखबिर सूचना की तस्दीक कर कार्यवाही हेतु भेजा गया। उक्त सूचना पर पुलिस टीम हाइवे पुल के पास, पवैया मार्केट पर पहुंची तो एक संदिग्ध व्यक्ति खड़ा दिखा, जिसने पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास किया गया। पुलिस टीम द्वारा भाग रहे संदिग्ध को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया और तलाशी लेने पर उसके पेंट के नीचे कमर में एक लोडेड 315 बोर का कट्टा खुरसा मिला तथा पेंट की जेब में एक जिंदा राउण्ड रखा मिला। पूछताछ करने पर बदमाश ने स्वयं को सुपावली का रहने वाला बताया। पकड़े गये बदमाश से अवैध हथियार के संबंध में पूछताछ की जा रही है। उक्त बदमाश का कृत्य अपराध धारा 25/27 आर्म्स एक्ट का पाये जाने से अप0क्र0 217/23 कायम कर गिरफ्तार किया गया। पकड़ा गया उक्त शातिर बदमाश थाना बिजौली का हिस्ट्रीशीटर है जो कि थाना बिजौली के अप0क्र0 147/23 धारा 323,324,327,294,506,34 भादवि में फरार चला रहा था। पकड़े गये बदमाश के खिलाफ माननीय न्यायालय द्वारा थाना बिजौली के विभिन्न प्रकरणों में दो स्थाई तथा दो गिरफ्तारी वारंट भी जारी किये गये हैं।एक अन्य प्रकरण में थाना बिजौली पुलिस ने ग्राम खुरैरी से एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जिसका माननीय न्यायालय ग्वालियर से दिनांक 31.07.2023 को स्थाई वारंट जारी किया गया था। पकड़ी गई महिला आरोपी ग्राम सुपावली थाना बिजौली की रहने वाली है तथा पकड़े गये उक्त हिस्ट्रीशीटर की प्रेमिका है।

**सराहनीय भूमिका**-उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बिजौली निरीक्षक मनीष धाकड़, सउनि संतकुमार तोमर, प्र.आर. बी.एल.त्यागी, विष्णु यादव, आरक्षक सीताराम जादौन, मुलायम सिंह, अमर सिंह, धर्मेन्द्र, म.आर. आशा कुशवाह, सैनिक कैलाश, सैनिक केंद्र राजपूत की सराहनीय भूमिका रही।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री श्री मोदी का जन्मदिन मनाया



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।**मध्य प्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेंद्र बरुआ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा आयोजित फल वितरण कार्यक्रम के तहत जिला अस्पताल पहुंचकर फलों का वितरण करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उनके साथ प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य राम अवतार शिवहरे मोर्चा के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह गुर्जर ने मरीज को फलों का वितरण किया कार्यक्रम का संचालन भाजपा बन खंडेश्वर मंडल के अध्यक्ष अमित जैन एवं मोर्चा के मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह राठौड़ द्वारा किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी की सदस्य कृष्णकांता तोमर महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष आभा जैन, मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सीमा शर्मा जिला उपाध्यक्ष अनिल सिंह कुशवाह,भाजपा जिला मंत्री पिंकी शर्मा,विनीत सोनी, पिंकी तिवारी,महाराणा प्रताप मंडल अध्यक्ष शेर पचौरी, सूरज बरुआ, महामंत्री संतोष सिंह भारौली, प्रशांत सोनी,विजय सिंह कुशवाह कप्तान कुशवाहा, मोहित राठौर, विकास राठौर सोनू यादव, रोहित शाक्या,शेखर खटीक, प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पाल समाज की राजनितिक भागीदारी पर चर्चा



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**गोहद**/गोहद मे बघेल समाज की बैठक का संचालक रवि बघेल ने किया बैठक मे समाज की एकता और राजनितिक भागीदारी पर चर्चा की गई 7 समाज मे जन जागरूकता लाने के लिए एक दूसरे का सहयोग करने की बात की गई अखिल भारतीय पाल महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहनपाल बघेल ने कहा कि बघेल समाज शिक्षा के साथ राजनीतिक में भी अपना योगदान दे रहा है हर क्षेत्र में के लोगों आने जाने के लिए बघेल महासभा प्रयास कर रही है राजनीति में बघेल समाज एक अहम जिम्मेदारी देनी चाहिए जिससे समाज का विकास हो वही उन्होंने कहा की समाज को शिक्षित करने पर जोर दे अखिल भारतीय बघेल पाल महासभा के नवनियुक्त पदाधिकारी को नियुक्ति पत्र भी दिए गए इस मौके पर मोहनपाल पूर्व प्रत्याशी जनपद सदस्य टिंकू बघेल, सुरेन्द्र सिंह बघेल (गडरौली )कौशलेन्द्र बघेल,दीपक बघेल, विजय सिंह बघेल, रामबरन बघेल, राजदेव बघेल, तिलक सिंह बघेल, हरेंद्र बघेल, महेश पाल सहित समाज के अनेक समाजसेवी मौजूद रहे है

# 8 साल की बच्ची की डेंगू से दिल्ली में उपचार के दौरान मौत, ग्वालियर बढ़ रहे आकड़े




**ग्वालियर,** ग्वालियर में डेंगू से होने वाली मौत का पहला मामला सामने आया है। चेतकपुरी की रहने वाले शशांक भार्गव की 8 साल की बेटी भाविशा भार्गव की दिल्ली में गंगाराम हास्पिटल में उपचार के दौरान रविवार की रात को मौत हो गई। बच्ची का अंतिम संस्कार शहर में ही किया गया।भाविशा को बीते रोज मंगल नर्सिंग होम से दिल्ली के लिए रेफर किया गया था। फिर भी उसे बचाया नहीं जा सका।गजब की बात यह है कि बच्ची को डेंगू था जिसका उपचार ग्वालियर व दिल्ली के डाक्टरों ने किया। लेकिन स्वास्थ्य विभाग इस बात को मानने के लिए राजी नहीं है कि बच्ची की मौत का कारण डेंगू है। इसलिए मलेरिया अधिकारी ने निजी लैब से बच्ची का सैंपल जिला अस्पताल में जांच के लिए भेजा है। जिसकी रिपोर्ट आने पर ही स्वास्थ्य विभाग डेंगू से मौत की पुष्टी करेगा।इधर शहर में डेंगू का प्रकोप दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। रविवार की रिपोर्ट में 22 मरीज डेंगू संक्रमित बताए गए जिसमें 11 ग्वालियर जिले के रहने वाले हैं बाकी दीगर जिले के हैं। यह रिपोर्ट सरकारी लैब की है जबकि शहर में निजी लैब में कितने संक्रमित मिले इसकी जानकारी खुद स्वास्थ्य विभाग के पास नहीं है। स्वास्थ्य विभाग की यह लापरवाही डेंगू के प्रकोप को बढ़ रही है। जिले में अब तक 300 से अधिक डेंगू संक्रमित मिल चुके हैं। इसलिए अब सावधान रहें और सतर्क रहे तथा छोटे बच्चों को डेंगू से बचा कर रखें।चेतकपुरी विवेक बिहार की रहने वाली भाविशा को पिछले एक सप्ताह से बुखार था। जिसका उपचार परिजनों द्वारा निजी डाक्टर से कराया, लेकिन जब बच्ची का स्वास्थ्य में सुधार नहीं दिखा तो उन्होंने रवि नगर में निजी नर्सिंग होम में गुरुवार की रात को भर्ती किया। जहां पर निजी लैब में जांच कराई तो डेंगू की पुष्टी हुई।शनिवार को जब उपचार के दौरान भाविशा बेहोशी की हालत में आ गई तब सीबीसी की जांच कराई गई। जिसमें प्लेटलेट 20 हजार से कम बताई गई। जिसके बाद नर्सिंग होम प्रबंधन ने बच्ची की हालत नाजुक बताते हुए दिल्ली के लिए बीते रोज रेफर किया था जहां पर भर्ती होने के चंद घंटे बाद ही उसकी मौत हो गई थी। पर इन तीन दिन में निजी लैब द्वारा संक्रमित मरीज की जानकारी स्वास्थ्य विभाग को नहीं दी।कैथवाली गली के रहने वाले 78 साल के बुजुर्ग, गुलाबपुरी के रहने वाली 35 साल की महिला, थाटीपुर का 35 साल का युवक, गिजौर्रा का 58 साल का व्यक्ति ,हजीरा की 10 साल का बालक , गुड़ागुड़ी का नाका का 27 साल का युवक,45 साल की सुरैया पुरा की महिला, सात साल का बच्चा और 30 साल का ग्वालियर का रहने वाला युवक संक्रमित मिला है। इसके अलावा दतिया,शिवपुरी,भिंड,मुरैना,अंबा,यूपी आदि स्थानों के मरीज संक्रमित मिले हैं।शहर में डेंगू का प्रकोप बढ़ रहा है। डेंगू का मच्छर छोटे बच्चों और बुजुर्गों को अपना आसान शिकार बनाता है। क्योंकि इनकी त्वचा मुलायम होती है इसलिए मच्छर आसानी से बाइट कर लेता है। इसलिए इन्हें पुरे आस्तीन के कपड़े पहनाकर रखें। डेंगू की रोकथाम के लिए घर व उसके आसपास साफ पानी जमा न होने दें। यदि बुखार आए तो तत्काल डेंगू,मलेरिया की जांच कराएं तथा विशेषज्ञ डाक्टर को दिखाएं।

# थाना खनियाधाना पुलिस ने आरोपी के कब्जे से दो पिस्टल 32 बोर एक रिबाल्बर 32 बोर, दो कट्टे 315 बोर

## अधिया 315 बोर की मय पांच जिन्दा राउण्ड के जप्त कर किया गिरफ्तार

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

**पिछोर खनियाधाना ,।** पुलिस अधीक्षक शिवपुरी रघुवंश सिंह द्वारा अवैध फायर आर्म्स, अवैध शराब, अवैध खनिज परिवहन व जुआ सट्टा के विरूध्द कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया है उक्त आदेश के पालन मे अति. पुलिस अधीक्षक जिला शिवपुरी संजीव मुले एवं एस.डी.ओ.पी महोदय पिछोर प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन दिनांक 16.09.2023 को थाना खनियाधाना पुलिस को भ्रमण के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि गांधी चौक खनियाधाना पर एक व्यक्ति अपने घर के बाहर अवैध हथियार लेकर बेचने के लिये खड़ा है । उक्त सूचना पर से मुखविर द्वारा बताये स्थान



पर दविस दी गई तो आरोपी टिकल पुत्र रामजीलाल शर्मा उम्र 19 साल निवासी तिगलिया मौहल्ला खनियाधाना के कब्जे से दो पिस्टल 32 बोर, एक रिवाल्वर 32 बोर दो कट्टे 315 बोर, अधिया 315 बोर की मय पांच जिन्दा राउण्ड कीमती 34500 रुपये जप्त किये गये जिस पर से थाना खनियाधाना पर अपराध क्रमांक 340/2023 धारा 25/27 आर्मस एक्ट का कायम कर विवेचना मे लिया गया ।उक्त कार्यवाही मे निरी रत्नेश यादव, उनि अरविन्द्रसिह चौहान, सउनि प्रकाश सिह कौरव, सउनि गुलसन सोनकर, आर. 907 अरूण मेवाफरोष, आर. 211 लालसिह, आर. 1046 बलराम, आर. 408 धर्मेन्द्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

# ग्वालियर में बना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मंदिर, जन्मदिन की मौके पर प्रतिमा की उतारी आरती



ग्वालियर की सत्यनारायण टेकरी पर देश के प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिमा को स्थापित किया गया। पीएम नरेंद्र मोदी की प्रतिमा करीब डेढ़ फुट ऊंची है और इसे प्रसिद्ध मूर्तिकार प्रमोद विश्वकर्मा ने बनाया है।आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन है। इस मौके पर मध्य प्रदेश के ग्वालियर में मंदिर बनाकर उनकी मूर्ति की स्थापना की गई है और उनकी पूजा-अर्चना की गई। जहां पीएम नरेंद्र मोदी की मूर्ति स्थापित की गई है, उस मंदिर में पहले से स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई और राजमाता विजयाराजे सिंधिया की प्रतिमा भी स्थापित है। जहां उनके चाहने वाले रोज सुबह शाम पूजा करते हैं।ग्वालियर की सत्यनारायण टेकरी पर देश के प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिमा को स्थापित किया गया। पीएम नरेंद्र मोदी की प्रतिमा करीब डेढ़ फुट ऊंची है और इसे प्रसिद्ध मूर्तिकार प्रमोद विश्वकर्मा ने बनाया है। आज उनके जन्म दिन के मौके पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस प्रतिमा को स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा की आरती उतारी और पूजा पाठ किया। खास बात यह है कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह पहला ऐसा मंदिर है जहां पर उनकी मूर्ति स्थापित की गई है।अखिल भारतीय युवा अभिभाषक मंच की राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय सिंह चौहान ने बताया है कि आज नरेंद्र मोदी का जन्मदिन है। इस मौके पर बच्चे और उनके चाहने वाले मंदिर पर आए, जहां उन्होंने पूजा अर्चना की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वास्थ्य और उनकी दीर्घायु की कामना की है। साथ ही उन्होंने कहा है कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमारे देश का विश्व में नाम रोशन किया है और आज पूरे विश्व भर में भारत की छवि को काफी ऊंचा किया है। इस मौके पर हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिमा को मंदिर में स्थापित किया गया है। पुजारी का कहना है कि यहां पर रोज सुबह-शाम आरती की जाती है और आज हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन है। इस मौके पर यहां बच्चों ने जन्मदिन मनाया और पूजा अर्चना भी की।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478